

सूर्योदय प्रातः 5:57 सूर्यास्त संध्या 5:58 पंचांग फाल्गुन शु. सप्तमी, संवत 2080 तापमान अधिकतम 29° न्यूनतम 19°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, शनिवार, 16 मार्च 2024, वर्ष : 15, अंक : 34, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter



## कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा अंतर्गत पश्चिमी सिंहभूम जिला के हाटगम्हरिया एवं बंदगांव में

# डिग्री महाविद्यालय

## तथा अन्य योजनाओं का

# शिलान्यास, उद्घाटन एवं परिसंपत्ति वितरण समारोह



**मुख्य अतिथि**

**श्री चम्पाई सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

दिनांक : 16 मार्च 2024
समय : पूर्वाह्न 10:00 बजे
स्थान : टाटा कॉलेज ग्राउंड, चाईबासा

**विशिष्ट अतिथि**

**श्री अर्जुन मुंडा**
माननीय मंत्री, जनजातीय कार्य एवं कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

**श्री आलमगीर आलम**
माननीय मंत्री, संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, एवं पंचायती राज विभाग, झारखण्ड

**श्री सत्यानंद भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास तथा उद्योग विभाग, झारखण्ड

**श्री दीपक बिरुवा**
माननीय मंत्री, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण और परिवहन विभाग, झारखण्ड

**श्रीमती गीता कोड़ा**
माननीय सांसद, सिंहभूम लोकसभा

**गरिमामयी उपस्थिति**

**श्रीमती जोबा माझी**
माननीय विधायक, मनोहरपुर

**श्री निरल पुरती**
माननीय विधायक, मझगांव

**श्री दशरथ गागराई**
माननीय विधायक, खरसावां

**श्री सुखराम उरांव**
माननीय विधायक, चक्रधरपुर

**श्री सोनाराम सिंकु**
माननीय विधायक, जगन्नाथपुर

**सुश्री लक्ष्मी सुरेन**
माननीय जिला परिषद अध्यक्षा चाईबासा



PR- 322939 (IPRD) 23-24

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार



सूर्योदय प्रात: 5:57 | सूर्यास्त संध्या 5:58 | पखवाड़ा फाल्गुन शु. सप्तमी, संवत 2080 | तापमान अधिकतम 29° न्यूनतम 19°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, शनिवार, 16 मार्च 2024, वर्ष : 15, अंक : 34, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter


# आधुनिक युग में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जरूरी : चम्पाई

- कोल्हान विश्वविद्यालय, चाईबासा अंतर्गत पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका में डिग्री महाविद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए सीएम
- मुख्यमंत्री ने कुल 119 करोड़ 19 लाख 291 रुपये राशि की विभिन्न योजनाओं की दी सौगात
- सीएम ने डिग्री महाविद्यालय पोटका का शिलान्यास तथा 100 योजनाओं का शिलान्यास एवं तीन योजनाओं का किया शुभारम्भ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा है कि आज राज्य सरकार द्वारा पूर्वी सिंहभूम जिला के पोटका क्षेत्र में डिग्री महाविद्यालय का शिलान्यास किया गया है। निश्चित रूप से आनेवाले दिनों में इस डिग्री महाविद्यालय में उच्च शिक्षा की पढ़ाई शुरू की जायेगी। इस क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अब जमशेदपुर या अन्य शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। राज्य के आदिवासी, मूलवासी, किसान, मजदूर, पिछड़ा, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग-समुदाय के बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन उपलब्ध कराया जा सके, इस निमित्त उनकी सरकार निरन्तर प्रयासरत है। उक्त बातें मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका में डिग्री महाविद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की समृद्ध जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषाओं के विकास एवं संवर्द्धन के लिए अब प्राथमिक विद्यालयों से ही इन भाषाओं में पढ़ाई शुरू होगी। संताली, मुंडारी, उरांव सहित जनजातीय भाषाओं के घंटी आधारित शिक्षकों की नियुक्ति जल्द की जायेगी। राज्य में बंगाली तथा उड़िया भाषा की भी पढ़ाई प्राथमिक विद्यालयों से शुरू हो, यह उनकी सरकार की प्राथमिकता है।

**आधुनिक युग में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जरूरी**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि आधुनिक युग में राज्य की युवा पीढ़ी तथा स्कूलों में अध्यनरत विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना बहुत जरूरी है। राज्य की दशा और दिशा तभी बदलेगी, जब यहां के बच्चे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, अफसर सहित अन्य बड़े पदों को सुशोभित करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड खनिज सम्पदाओं से भरा प्रदेश है। जब झारखंड की युवा पीढ़ी पढ़-लिख कर काबिल बनेगी, तभी यहां की खनिज सम्पदाओं का उपयोग जनहित तथा राज्य हित में किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रदेश धनी प्रदेश के रूप में जाना जाता है। परन्तु यहां की जनता गरीबी रेखा से नीचे रह कर जीवन-यापन करती है। जब यहां बच्चे मैट्रिक पास करते हैं, तब परिवार की आर्थिक हालत खराब रहने के कारण उन्हें पढ़ाई छोड़ कर उनके परिजन उन्हें प्राइवेट नौकरी अथवा मजदूरी का काम करने को कहते हैं। उच्च शिक्षा के लिए पैसों की कमी होनहार विद्यार्थियों के लिए अभिशाप बनती है। इस स्थिति को बदलने के लिए उनकी सरकार विद्यार्थियों को गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से मदद कर रही है। इस योजना के तहत उच्च शिक्षा डिग्री हेतु जरूरत के हिसाब से शिक्षा ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी एवं मूलवासी सहित अन्य वर्ग समुदाय के वैसे बच्चे, जो विदेश में स्थापित शिक्षण संस्थानों से पढ़ाई करना चाहते हैं, उन्हें भी शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप देकर अन्य देशों में पढ़ाई करने का मौका उनकी सरकार दे रही है। ● शेष पृष्ठ 11 पर



## सीएम ने कहा

- बुनियादी व्यवस्थाओं को मजबूत करने पर हो रहा है कार्य
- समृद्ध जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं के संरक्षण और बढ़ावा देने हेतु बढ़े कदम

## हर स्तर पर शिक्षा व्यवस्था में हो रहा है सुधार

**मुख्यमंत्री** चम्पाई सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में शिक्षा व्यवस्था के हर स्तर पर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों ने राज्य के भीतर ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हो रहे 05 हजार सरकारी विद्यालयों को बंद करने का कार्य किया था। प्राइमरी विद्यालय बंद होने से यहां के आदिवासी, मूलवासी, गरीब, मजदूर, किसान सहित सभी-वर्ग समुदाय के बच्चे प्रारम्भिक शिक्षा से वंचित हो गये थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार राज्य की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु कृतसंकल्प है। शिक्षा व्यवस्था में सुधार एवं सकारात्मक बदलाव लाने के लिए राज्य में संचालित सरकारी विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालय एवं मॉडल स्कूल के रूप में परिवर्तित किया जा रहा है। अब राज्य के बच्चे

## राज्य के सभी धार्मिक स्थलों का हो रहा सौंदर्यीकरण : मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने प्रकृति उपासना का महापर्व 'बाहा पर्व' के अवसर पर सरना पूजा स्थल जाहेरथान में पारम्परिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों के सुख, समृद्धि, उन्नति और कल्याण की कामना की

**मुख्यमंत्री** चम्पाई सोरेन शुक्रवार को सरायकेला-खरसावां जिला के गम्हरिया प्रखंड स्थित अपने पैतृक गांव जिलिंगगोड़ा पहुंचे। मुख्यमंत्री ने प्रकृति उपासना का महापर्व 'बाहा पर्व' के अवसर पर सरायकेला-खरसावां जिला के जिलिंगगोड़ा स्थित सरना पूजा स्थल जाहेरथान में पारम्परिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों के सुख, समृद्धि, उन्नति और कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत कुल्लुडीह जाहेरथान का विधिवत उद्घाटन भी किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य के सभी पूजा स्थलों का संरक्षण, जीर्णोद्धार एवं विकास का कार्य उनकी सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में ● शेष पृष्ठ 11 पर

चाकुलिया में भी डिग्री महाविद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री ; कहा

# डिग्री महाविद्यालय बनने से विद्यार्थियों को होगी सहूलियत





- मुख्यमंत्री ने डिग्री महाविद्यालय चाकुलिया का किया शिलान्यास, कुल 131 योजनाओं का भी किया शिलान्यास-उद्घाटन, जिसकी कुल राशि 108 करोड़ रुपये से अधिक है

## सीएम ने कहा

- स्मार्ट गांव की परिकल्पना को पूरा करेंगे
- शिक्षा व्यवस्था में सुधार राज्य सरकार की प्रतिबद्धता
- हर खेत में पानी पहुंचाना लक्ष्य

**मुख्यमंत्री** चम्पाई सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ कर रही है। जब राज्य में बुनियादी व्यवस्थाएं मजबूत और सक्रिय होंगी, तभी स्मार्ट गांव बनाने की परिकल्पना पूरी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आनेवाले दिनों में झारखंड देश के अग्रणी राज्यों में शुमार हो, इस उद्देश्य के साथ उनकी सरकार योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। राज्य में 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' अभियान चला कर घर-घर तक योजनाओं को पहुंचाया गया है। झारखंड देश में पहला ऐसा राज्य है, जहां सर्वजन पेंशन योजना लागू की गयी है। अब राज्य में सभी वर्ग समुदाय की महिलाओं को 50 वर्ष की उम्र पूरा होने के साथ ही पेंशन योजना से जोड़ा जा रहा है। उक्त बातें मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया में डिग्री महाविद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कही।

**आप सभी डिग्री महाविद्यालय के शिलान्यास समारोह का हैं गवाह**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि आज यहां आप सभी लोग कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा अंतर्गत पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया में स्थापित होनेवाले डिग्री महाविद्यालय के शिलान्यास कार्यक्रम का गवाह बन रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि इस डिग्री महाविद्यालय के बन जाने से यहां के युवा वर्ग को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जमशेदपुर या किसी अन्य शहर में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड धनी प्रदेश के रूप में जाना जाता है, परंतु यहां के आदिवासी तथा मूलवासियों को व्यवस्थाओं से दूर रखा गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी ● शेष पृष्ठ 11 पर

## शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 72,643.43 | -453.85 (-0.62%) |
| निफ्टी | 22,023.35 | -123.30 (-0.56%) |

## सर्राफा बाजार

प्रति 10 ग्राम

| | |
|---|---|
| सोना (22 carat) | 60,600.00 |
| चांदी | 770.00 |

## माह-ए-रमज़ान



| इफ्तार | सेहरी |
|---|---|
| 5 : 59 | 4 : 40 |

## एक झलक

### राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक आज

**रांची :** राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक शनिवार 16 मार्च को अपराह्न 2 :30 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन ) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी है।

ईवीएम मामला

### क्षमा करें, हम सुनवाई नहीं कर सकते : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली :** भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने लोकसभा चुनाव-2024 की तिथियों का एलान कर दिया। चुनाव आयोग ने बताया कि 16 मार्च को दोपहर बाद संसदीय चुनाव की तिथियां घोषित होगी। इस बीच, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का मुद्दा फिर से सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। तीन जजों के पीठ के समक्ष इससे जुड़ी याचिका सुनवाई के लिए लिस्ट हुई। शीर्ष अदालत ने मामले पर सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता से कहा, 'हमें क्षमा करें, हम संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत मामले पर सुनवाई नहीं कर सकते हैं।'

### डोभाल की इजरायल यात्रा शांति व स्थिरता के लिए

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की हाल की इजरायल यात्रा उस क्षेत्र में शांति और स्थिरता कायम करने के भारत के प्रयासों का एक हिस्सा थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की यात्रा के बारे में कहा कि उन्होंने उस दौरान प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की तथा अपने इजरायली समकक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से विचार-विमर्श किया।

### डीएमके तमिलनाडु के भविष्य, अतीत व विरासत की दुश्मन : प्रधानमंत्री

**कन्याकुमारी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यहां कहा कि डीएमके तमिलनाडु के भविष्य की ही दुश्मन नहीं है, वह तमिलनाडु के अतीत और विरासत की भी दुश्मन है। उन्होंने कहा, 'मैं अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले यहां आया था। मैंने यहां के प्राचीन तीर्थों के दर्शन किये थे, लेकिन डीएमके ने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को देखने तक पर रोक लगाने का प्रयास किया। सुप्रीम कोर्ट को तमिलनाडु सरकार को कड़ी फटकार लगानी पड़ी थी।'

## अंदर के पन्नों पर


4 नेहरू युवा केन्द्र हजारीबाग ने जी एम इवनिंग...

5 ग्रामीणों को सर्वांगीण विकास का हिस्सा बनाने...

7 शिकायतों का जल्द से जल्द करें समाधान : डीसी...

9 जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने आगामी...

10 डब्ल्यूएसपीएस विश्व कप का समापन,16 पदकों के साथ...


# चौथी बार भी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे नरेन्द्र मोदी : राजनाथ सिंह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को रांची पहुंचने के



बाद एयरपोर्ट से सीधे चतरा जिले के इटखोरी आये। माता भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की और चुनरी चढ़ायी। साथ ही, मंदिर परिसर में रुद्राक्ष का पौधरोपण किया। इसके बाद उन्होंने चतरा संसदीय क्षेत्र स्तरीय बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग लिया। यहां प्रदेश के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। अपने सम्बोधन में राजनाथ ने कहा कि झारखंड से उनका आत्मीय रिश्ता है। उनकी पत्नी झारखंड की हैं। भाषण के दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में जितने भी मंत्री रहे, सभी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, लेकिन भाजपा के किसी भी मंत्री पर एक भी भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में ● शेष पृष्ठ 11 पर

# विश्वविद्यालय युवाओं को सशक्त करने की महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाता है : राज्यपाल

- रांची विश्वविद्यालय के 37वें दीक्षांत समारोह में 4043 मेधावियों को दी गयी उपाधि

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि विश्वविद्यालय युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करके उन्हें सशक्त करने की महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाता है। मानव सभ्यताओं की प्रगति इस धारणा की पुष्टि करती है कि किसी भी राष्ट्र की उन्नति उसकी शिक्षित आबादी की क्षमता पर निर्भर करती है। राज्यपाल शुक्रवार को रांची विश्वविद्यालय के 37वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य मुख्य अतिथि छात्रों को सम्बोधित कर रहे थे। ● शेष पृष्ठ 11 पर



# आयोग आज करेगा आम चुनाव कार्यक्रम की घोषणा

- लागू हो जायेगी आचार संहिता

**नयी दिल्ली :** चुनाव आयोग शनिवार को यहां देश में होनेवाले आम चुनावों की घोषणा करेगा। आयोग इसके साथ ही राज्य विधानसभाओं के चुनाव कार्यक्रम की भी घोषणा करेगा। इसके साथ ही देशभर में आचार संहिता लागू हो जायेगी। आयोग ने इस सम्बन्ध में प्रेसवार्ता आयोजित की है। कल दोपहर विज्ञान सभा में आयोग चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है। इसके अलावा आयोग आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम के कार्यक्रम की भी घोषणा करेगा। इस बात की भी सम्भावना जतायी जा रही है कि आयोग जम्मू-कश्मीर में भी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को समाप्त हो रहा है। वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव की घोषणा 10 मार्च को की गई थी और 11 अप्रैल से 19 मई के बीच सात चरणों में मतदान हुआ था।

# खत्म हुआ बरसों का इंतजार, जयपुर में छह पाकिस्तानियों को मिली भारतीय नागरिकता

- अतिरिक्त जिला कलक्टर ने 06 पाकिस्तान विस्थापितों को सौंपे नागरिकता प्रमाण पत्र

**एजेंसी**

**जयपुर :** बरसों से भारत की नागरिकता प्राप्त करने का प्रयास कर रहे पाकिस्तानी विस्थापितों के लिए शुक्रवार का दिन खुशियां लेकर आया। अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) शेफाली कुशवाहा ने शुक्रवार को छह पाक विस्थापितों प्रेमलता, संजय राम, बेझल, जजराज, केकू माई, गोमंद राम को भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपे। पाकिस्तान के कराची से वर्ष 2010 में



विस्थापित होकर भारत आयी 41 वर्षीय प्रेमलता ने नागरिकता प्रमाण-पत्र मिलने के बाद जिला प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि भारत आकर हमें आजादी के असल अहसास हुआ है। संजय राम ने कहा, 'मैं 10 साल से भारतीय नागरिकता हासिल करने के लिए प्रयास कर रहा था, लेकिन आज कई सालों का लम्बा इंतजार खत्म हुआ है। अब हम फख्र के साथ कह सकते हैं कि हम भारतीय हैं।'

इस मौके पर अतिरिक्त जिला कलक्टर शेफाली कुशवाहा ने भारतीय नागरिकता हासिल करने वाले सभी पाक विस्थापितों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन नागरिकता के आवेदनों पर प्राथमिकता से नियमानुसार कार्रवाई कर प्रमाण-पत्र जारी करता है, ताकि आवेदक को किसी भी परेशानी का सामना ना करना पड़े। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 319 पात्र आवेदकों को भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र जारी किया जा चुका है।

## सीएए पर अमेरिका के बयान को भारत ने बताया अनावश्यक और बेतुका

**नयी दिल्ली :** भारत ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) पर अमेरिका के बयान को खारिज करते हुए कहा है कि यह आनवश्यक, गलत सूचनाओं पर आधारित और बेतुका बयान है। संकट में फंसे लोगों की मदद करने के लिए उठाये गये इस प्रशंसनीय कदम को वोट बैंक की राजनीति के चश्मे से देखते हुए आलोचना नहीं की जानी चाहिए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि जिन लोगों को भारत की बहुलवादी परम्पराओं और इस क्षेत्र में विभाजन के इतिहास के बारे में सीमित जानकारी है, उन्हें उपदेश नहीं देने चाहिए। भारत के सहयोगी और शुभचिंतकों को अच्छी मंशा से उठाये गये इस कदम का स्वागत करना चाहिए।

## अप्रैल में घोषित होगा मैट्रिक-इंटर का रिजल्ट

**रांची :** राज्य में मैट्रिक-इंटर परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न होने के बाद झारखंड शैक्षणिक परिषद (जैक) बोर्ड समय पर रिजल्ट जारी करने की तैयारी में है, जिसके लिए इन दिनों कॉपियों की जांच की जा रही है। नौ मार्च से शुरू हुई कॉपियों की जांच को इस महीने के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके बाद 15 दिनों के भीतर टेबुलेशन का काम पूरा कर अप्रैल के आखिरी सप्ताह तक रिजल्ट प्रकाशित करने की योजना बनायी गयी है।

इस सम्बन्ध में जैक अध्यक्ष अनिल महतो ने कहा कि हमारी कोशिश है कि रिजल्ट देने में देरी न हो, इसलिए कॉपियों की जांच तेजी से की जा रही है।

## एक झलक

### बिजली की खम्भे से टकराया बाइक सवार, युवक की हुई दर्दनाक मौत

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत खरना रोड पर गुरुवार की देर रात बिजली की खंभे से टकराकर हुए हादसे में 25 वर्षीय बाइक सवार राजेश कुमार पिता हेमलाल महतो की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक प्रखंड के भेलवारा पंचायत उरगी गांव के रहने वाले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक राजेश कुमार बाइक पर सवार होकर सियारी से पड़वापोखर होते हुए सातमाइल मोड़ की ओर आ रहे थे। इसी दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के पास बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से जा टकराई। जिससे युवक के सिर पर गंभीर चोट आई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर आसपास के ग्रामीणों की काफी भीड़ जुट गई, घटना की जानकारी मिलते ही विष्णुगढ़ पुलिस घटनास्थल पहुंचकर युवक को कब्जे में लिया और विष्णुगढ़ सीएचसी पहुंची। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजन सदमे में है।मृतक अपने पीछे पत्नी समेत दो संतान छोड़ गए हैं। पुलिस ने शव को अंतपरीक्षण के लिए शुक्रवार को हजारीबाग भेज दिया है।

### प्रखंड सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति तथा 20 सूत्री बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी विभागों के उपस्थित कर्मियों से उनके विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई एवं क्षेत्र में आ रही समस्याओं के समाधान हेतु दिशा निर्देश दिए गये। पंचायत समिति की बैठक मे बिजली विभाग के कोई भी कर्मी उपस्थित नहीं रहे वहीं 20 सूत्री के बैठक में बिजली, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के कर्मी नहीं रहे। अनुपस्थित कर्मी/ पदाधिकारी को स्पष्टीकरण प्रखंड कार्यालय द्वारा करने का निर्णय लिया गया तथा भविष्य में ऐसे कर्मी तथा अधिकारी को को चेतावनी दी गई इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार 20 सुत्री अध्यक्ष अर्जुन राम, विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव, उत्तरी क्षेत्र जिला परिषद सदस्या गीता देवी, बीपीओ सुमन कुमार, सभी पंचायत सचिव, मनरेगा कर्मी बाल विकास परियोजना के सुपरवाइजर उपस्थित थे।

### विधायक अम्बा प्रसाद के घर ईडी छापा की वैश्य समाज के अध्यक्ष ने की निंदा

**केरेडारी :** केरेडारी केंद्रीय एजेंसी ईडी के द्वारा पूर्व मंत्री योगेंद्र साव व बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद के विरुद्ध किये जा रहे कार्यवाई को लेकर अखिल भारतीय तैलिक साहू समाज ने कड़ी निंदा की है इस सम्बंध में केरेडारी प्रखंड तैलिक साहू समाज के अध्यक्ष सुरेश साव ने प्रेस ब्यान जारी कर कहा है कि विधायक अम्बा प्रसाद की लोकप्रियता से भाजपा घबरा कर अपने केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए झारखंड में आदर्श आचार संहिता लगने के चार दिन पहले एक जनप्रतिनिधि के उपर करवाई दुर्भाग्य पूर्ण है इसका नतीजा इस लोकसभा चुनाव 2024 में देखने को मिलेगा।

### महावीर स्थान मंगुरा में होली मिलन समारोह 23 को

**इचाक :** भाजपा जिला सांसद प्रतिनिधि सुनिल कुमार मेहता के नेतृत्व में प्रखंड के महावीर स्थान मंगुरा में आगामी शनिवार 23 मार्च को होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर सार्वजनिक दुर्गा मन्दिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नागेश्वर मेहता की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। जिसमें कार्यक्रम के तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि यह होली मिलन समारोह पूरी तरह से गैर राजनीतिक होगी जिसमें प्रखंड के सभी लोग आमंत्रित होंगे। समारोह के दौरान हर्बल गुलाल से ही उत्सव का आनंद लेंगे। बैठक का संचालन सांसद प्रतिनिधि सुनिल कुमार मेहता स्वयं कर रहे थे। बैठक में सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश मेहता, मुखिया नंदकिशोर मेहता, समाजसेवी रामलखन मेहता, बुधन साव, बीरेंद्र शर्मा, सीताराम कुशवाहा, बढ़न कुशवाहा, डेगलाल मेहता, गिरधारी मेहता, भीम मेहता, जय नारायण मेहता, मुखिया प्रतिनिधि दयानंद मेहता मुखलाल मेहता, दिलीप मेहता, अनिल मेहता, प्रयाग मेहता, समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

नेहरू युवा केन्द्र हजारीबाग ने जी एम इवनिंग महाविद्यालय में किया जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम आयोजित

# वोकल फॉर लोकल, विकसित भारत, राष्ट्रवाद जैसे विषयों पर हुई चर्चा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** नेहरू युवा केन्द्र हजारीबाग ( युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार ) के द्वारा जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम जी ० एम ० इवनिंग महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री सुलोचना मीना, सहायक समाहर्ता (प्रशिक्षु, भा०प्र०से०) ने मंच को सुशोभित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ० जॉनी रुफिना तिर्की (विभागाध्यक्ष, मानवशास्त्र, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग), किशोरी राणा, (राष्ट्रीय अध्यक्ष नव झारखण्ड फाउंडेशन), विनय कुमार (निदेशक, जी ० एम ० इवनिंग महाविद्यालय), पुष्कर कुमार(वक्त व शोधार्थी, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग) व उमेश ठाकुर (कार्यक्रम पदाधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना, जी ० एम ० इवनिंग महाविद्यालय) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता व विषय प्रवेश नेहरू युवा केन्द्र हजारीबाग के जिला युवा अधिकारी रुद्र शेखर ने किया। मंच संचालन नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग के युवा मंडल सदस्य स्नेहा मुस्कान व अभिषेक रंजन ने किया। मुख्य अतिथि के द्वारा नारी शक्ति पर वक्तव्य प्रस्तुत किया गया। अन्य अतिथियों ने वोकल फॉर लोकल, विकसित भारत, राष्ट्रवाद जैसे विषयों पर बात की। कार्यकर्म का मुख्य आकर्षण सांसद अभिनय (मॉक पार्लियामेंट) रहा जिसके राष्ट्रीय युवा संसद कार्यक्रम में झारखंड राज्य का प्रतिनिधत्व की हुई नूपुर माला ने स्पीकर के दायित्व का निर्वहन करते हुए युवा, विकसित भारत, मतदान जैसे मुद्दों को उठाया व अन्य सदस्यों को पक्ष-विपक्ष विचारों की प्रस्तुति में सहायता की। नेहरू युवा केंद्र ने इस कार्यक्रम के माध्यम से हजारीबाग में आगामी 20 मार्च को होने होने वाले इलेक्शन फूड फेस्टिवल में प्रतिभागिता को अधिक अधिक सुनिश्चित करने का निवेदन किया। इस कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग के विभिन्न प्रखंड के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक, राष्ट्रीय सेवा योजना (जी ० एम ० इवनिंग महाविद्यालय), हजारीबाग के सैकड़ों युवा प्रतिभागी उपस्थित रहे।



## चरही सी.सी.एल ने हो रहे फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चरही :** शुक्रवार को सी.सी.एल हजारीबाग क्षेत्र चरही के द्वारा हो रहे फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मैच जारवा और जोरा कर्म मांडू के बीच खेला गया, जिसमें जोरा कर्म टीम ने जरवा टीम को एक जीरो से शिकस्त दी, इस टूनार्मेंट का बतौर मुख्य अतिथि एच. एन मिश्रा उपस्थित हुए, और अतिथि के रूप में हजारीबाग क्षेत्र के महाप्रबंधक के.पी सिंह उपस्थित थे, लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एच.एन मिश्रा ने कहा कि सी.सी.एल के द्वारा जितना भी सहयोग होगा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में उसमें हम लोग पूरी मदद करेंगे, ताकि शुद्धवर्ती इलाका से खिलाड़ियों अपना प्रतिभा निखार सके, इस दौरान हजारीबाग जिला के मुखिया संघ उपाध्यक्ष सह चुरचू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो, जिला परिषद सदस्य वासुदेव करमाली, चुरचू प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, जारवा मुखिया सुनीता देवी, इचाक डी मुखिया रमेश राम, खुशी लाल महतो, एसीसी बसंत कुमार, खुशी लाल महतो, अकल उरांव बलभद्र दाव, के .के बाजपेई, रणविजय सिंह, अमरजीत कुमार, मदन महतो, समाजसेवी विनोद कुमार केसरी, मुमताजिर अंसारी, राहुल कुमार रंजन, मुकेश वर्मा, इत्यादि सैकड़ो की संख्या में लोग मंच पर ब्रिजमान थे।

## झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 को लेकर सभी केन्द्राधीक्षकों के साथ की गयी ब्रिफिंग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के केंद्राधीक्षकों के साथ बैठक आयोजित की गई। 15 मार्च को नगर भवन में हुई आयोजित बैठक में जिला अंतर्गत आगामी झारखंड संयुक्त और सैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के आलोक में आयोजित होने वाले झारखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा में संलग्न सूची के अनुसार सभी केंद्रो के केंद्राधीक्षकों के साथ परीक्षा कदाचार मुक्त एवं सुगमता पूर्वक संचालन हेतु तैयारी के निमित्त ब्रीफिंग की गई। इस दौरान उन्हें आवश्यक सामग्रियों का भी वितरण किया गया। ब्रीफिंग के दौरान सभी केंद्राधीक्षकों को केंद्र में आयोजित होने वाले परीक्षा के समयावधि का विशेष ध्यान रखना को कहा गया। साथ परीक्षा केंद्र में किसी भी प्रकार के अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण यथा घड़ी, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक वॉच, कैलकुलेटर या किसी भी अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का प्रवेश न हो यह सुनिश्चित करने को कहा गया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी व सदर एसडीओ शैलेश कुमार मौजूद थे।



23 मार्च को होली मिलन समारोह मनाने का लिया गया निर्णय

## जिला तैलिक समाज अध्यक्ष कार्यकाल का हुआ छह महीने का विस्तार

**हजारीबाग :** शुक्रवार को इंद्रलोक टावर में 11 बजे से जिला तैलिक समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिला तैलिक समाज अध्यक्ष के कार्यकाल का छः महीना का विस्तार किया गया है। लोकसभा चुनाव होने के बाद चुनाव के माध्यम से अध्यक्ष को चुना जाएगा। साथ ही 23 मार्च को धूमधाम से होली मिलन समारोह मनाने का भी निर्णय लिया गया है। हालांकि होली मिलन समारोह के स्थल को लेकर अभी निर्णय नहीं लिया गया है। यह निर्णय सर्वसम्मति के बाद लिया जाना है और सब लोगों को सूचित किया जाएगा। बैठक की शुरूआत समाजसेवी स्व भामाशाह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। बैठक की अध्यक्षता वर्तमान अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने किया और मंच संचालन महासचिव नारायण साव ने किया। बैठक में समाज के कई वरिष्ठ लोगों ने अपने-अपने बात रखी जिसमें कटकमदाग अध्यक्ष कमल साव, बरही के सीताराम साहू, केरेडारी के महेश प्रसाद साव, दशरथ साहू एवं अन्य है। वहीं जिला तैलिक समाज के चुनाव को लेकर भी चर्चा हुई।जिसमें वर्तमान लोकसभा चुनाव को देखते हुए 6 महीने के बाद चुनाव करवाने की बात कही गई है। जिसमें सर्वप्रथम सभी प्रखंडों के अध्यक्ष को चुना जाना है। उसके बाद सभी प्रखंड अध्यक्ष अपने जिला अध्यक्ष को चुनेंगे। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, महासचिव नारायण साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष मुकुंद साव, पदमा बुधन साव, उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष अजय साव, नगर सचिव अशोक कुमार साहू, युवा महासचिव रामकिशोर सावंत, महिला अध्यक्ष रेणुका देवी, महिला नगर सचिव शीला देवी, बरकट्ठा अध्यक्ष शंकर साव, बड़कागांव अध्यक्ष जगनंदन प्रसाद गुप्ता, मुखिया संघ महासचिव में महेश प्रसाद साहू, बरही अनुमंडल अध्यक्ष अमित साहू, बलदेव साहू, नंदू साहू, मीडिया प्रभारी हेमराज साहू, श्याम किशोर प्रसाद, उदय साव, लाल किशोर साहू, कटकमसांडी अध्यक्ष मानकी साव, चौपारण अध्यक्ष मुनेश्वर साव, चुरचू अध्यक्ष निरंजन साव, पदमा अध्यक्ष राजेश साव, केरेडारी अध्यक्ष सुरेश साव, दारू अध्यक्ष द्वारिका साव, टाटीझरिया अध्यक्ष माथुरा साव, कटकम दाग अध्यक्ष कमल साव, इचाक अध्यक्ष महेश साव, चलकूषा अध्यक्ष लखन साव, दाढ़ी अध्यक्ष बुधन साव, करेटरी युवा प्रखंड अध्यक्ष शेखर साहू, बरही अनुमंडल कोषाध्यक्ष राजदेव गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित हुए।



## मतदाता जागरूकता अभियान की बैठक सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** प्रखण्ड सभागार में स्वीप (एस.वी.ई.ई.पी) कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान की बैठक शुक्रवार को आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार तथा संचालन जनसेवक उमेश कुमार ने किया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत बीडीओ ने स्वास्थ्य सहियाओं से कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य मतदान केंद्रों में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाना तथा मतदान वृद्धि को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित करना है। कार्यक्रम की उद्देश्य की पूर्ति के लिए बैठक में करीब 150 स्वास्थ्य सहियाओं के मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन एप्प डाऊनलोड कराने के बाद, प्रपत्र-06 के तहत नए वोटरों को जोड़ना, प्रपत्र- 07 के तहत मृत अथवा, दूसरे जगहों पर निवास करने वालों को मतदाता सूची से हटाना तथा प्रपत्र-08 के माध्यम मतदाता सूची में अशुद्धियों को ठीक करने को लेकर स्वास्थ्य सहियाओं से चर्चा की गई। इस मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ अखिलेश कुमार, जीपीएस रामसेवक दांगी, स्वीप नोडल पदाधिकारी दिव्या सिन्हा, जनसेवक उमेश कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर शक्ति कुमार दास, सुनील सिंह, मीडिया कोषांग महेश बर्णवाल के अलावे सैकड़ो की संख्या में स्वास्थ्य सहिया उपस्थित थी।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय में एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में विश्वविद्यालय के सीएस एंड आईटी विभाग एवं स्कूल ऑफ डिजिटल लर्निंग के संयुक्त तत्वावधान में आईक्यूएसी के सहयोग से एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य वक्ता कृष्ण कुमार शामिल हुए। इससे पूर्व विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, सीएस एंड आईटी डीन उदय रंजन, एचओडी तारा प्रसाद, निदेशक स्कूल ऑफ डिजिटल लर्निंग रविकांत कुमार समेत अन्य के हाथों दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर डीन उदय रंजन व निदेशक स्कूल ऑफ डिजिटल लर्निंग रविकांत कुमार ने मुख्य वक्ता कृष्ण कुमार, कुलपति डॉ पीके नायक एवं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद को बुके भेंट कर स्वागत किया। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की मौजूदगी में बोल रहे मुख्य वक्ता



सेमिनार

कृष्ण कुमार ने आईटी विभाग से जुड़ी कई महत्वपूर्ण तकनीकों की बारीकियां बताई और कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट का प्रयोग तो बड़े पैमाने पर हो रहा है लेकिन इसे अपडेट करने की दिशा में काम नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट का प्रयोग करने के लिए विभिन्न ऐपों और वेबसाइट का सहारा लेना पड़ता है और सबसे मजेदार बात है कि अलग अलग कॉन्टेंट के लिए अलग-अलग ऐप्स का सहारा लेकर इंटरनेट प्रयोग में लाया जा रहा है, जिसे अपडेट कर केवल एक ऐप का प्रयोग कर सभी सामग्रियों के लिए प्रयोग में लाया जा सकता है। इस तथ्य के अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके ने कहा कि आईटी का क्षेत्र क्रिएटिविटी से भरा क्षेत्र है, विद्यार्थियों को इस ओर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

## अभाविप आनंदा महाविद्यालय इकाई का पुनर्गठन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आनंदा महाविद्यालय इकाई का पुनर्गठन किया गया, कार्यक्रम में उपस्थित सोनू राय ने विषय प्रवेश करवाया और संगठन के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की। जिला सह संयोजक मंदीप यादव ने कहा विद्यार्थी परिषद सदैव छात्र हित में कार्य करते रहती है और राष्ट्रवाद की विचारधारा कॉलेज कैंपस विश्वविद्यालय कैंपस में छात्र-छात्राओं के अंदर उत्पन्न करने का काम करती है। नगर मंत्री रुद्र राज ने पुरानी कार्यकारणी को भंग कर नई कार्यकारणी की घोषणा की जो इस प्रकार है महाविद्यालय इकाई अध्यक्ष कारण कुमार, उपाध्यक्ष ऋषि कुमार, शुभांगी कुमारी, वंश कुमार, महाविद्यालय इकाई मंत्री सचिन मेहता, सह मंत्री अमन कुमार, हर्ष राज, विशाल कुमार एसएफडी प्रमुख आदर्श कुमार सह प्रमुख यशु कुमार, एसएफएस प्रमुख अमन पाठक,सह प्रमुख सचिन यादव, छात्रा प्रमुख निधि कुमारी सह प्रमुख श्रृष्टि कुमारी, सोशल मीडिया प्रमुख विपुल तिवारी सह प्रमुख हर्ष कुमार, बीबीए प्रमुख श्रेया कुमारी,सह प्रमुख निशु कुमारी,प्लस टू प्रमुख खुशी कुमारी,सह प्रमुख सुप्रिया कुमारी, बारवी कॉमर्स प्रमुख मनीष यादव,कॉलेज कार्यकारणी सदस्य सृष्टि कुमारी, लोकेश कुमार, उत्सव संजना कुमारी, चंदन यादव, हिमेश बक्शी, विशाल गुप्ता, पिंटु यादव है।



## मनीष जायसवाल का जनसम्पर्क अभियान 13 दिनों से जारी

चुनाव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल का टिकट जैसे ही भाजपा पार्टी द्वारा पिछले 02 मार्च 2024 की शाम को कंफर्म करते हुए घोषणा किया गया वैसे ही मनीष जायसवाल झारखण्ड के राजधानी रांची स्थित झारखण्ड विधानसभा के सत्र से निकल कर सीधे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता के बीच जनसंपर्क अभियान शुरू किया जो निर्बाध रूप से पिछले 13 दिनों से जारी है। इस दौरान मनीष जायसवाल हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के प्रमुख स्थलों का एक बार भ्रमण कर चुके हैं। उनका यह जनसंपर्क अभियान लागातार जारी है। अहले सुबह करीब 6:00 बजे मनीष जायसवाल घर से निकलते हैं और फिर देर रात्रि तक जनता के बीच रहते हैं। उनका करीब 18 घंटे का समय जनता के बीच बीत रहा है।इसी क्रम में मनीष जायसवाल भाजपा के कार्यकर्ता, समर्थक और अन्य गणमान्य लोगों से भी मिलकर आगामी चुनाव की विशेष रणनीति बनाते हैं।इस दौरान हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र की जनता का अभूतपूर्व प्रेम और आशीर्वाद भी उन्हें मिल रहा है। हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने आचार संहिता लगने से पूर्व ताबड़तोड़ उद्घाटन-शिलान्यास कर विकास योजनाओं को सदर विधानसभा क्षेत्र में गति प्रदान करने का काम किया। शुक्रवार को उन्होंने सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग और हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के कई इलाके का तुफानी दौरा किया और करीब साढ़े तीन करोड़ की विकास योजनाओं का किया उद्घटान- शिलान्यास किया।



### बिना दवाई के वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से हो रहा है इलाज

**चुरचू :** जुग जाहरे वैकल्पिक चिकित्सालय चुरचू में विधिवत्त उद्घाटन किया गया इसमें मुख्य अतिथि लालजी किस्कू चुरचू पंचायत के पंचायत के मुखिया पूनम बेसरा उप मुखिया पर्मिला देवी दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटा। संचालक सुखदेव हेंब्रम, बासमती मुर्मू, नये लोगों को बताया कि वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति से कई तरह के बीमारीयों का इलाज संभव है, परंतु जानकारी के अभाव में लोग इस पद्धति से इलाज नहीं करा पा रहे हैं। यह पद्धति कोई आम पद्धति नहीं बल्कि हमारे ऋषि-मुनियों को दिया गया अद्भुत ज्ञान है जो असाध्य से असाध्य रोगों को भी कुछ ही दिनों में ठीक करने की अद्भुत क्षमता रखती है।

## डॉ. अब्दुल कलाम पार्क में मनी बहुजन नायक कांशीराम की जयंती

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही :** सोमवार को ए आई एम आई एम बरही विधानसभा प्रभारी सूरज दास के नेतृत्व में बहुजन पार्टी के नायक कांशीराम की जयंती बरही प्रखंड परिसर स्थित डॉ० अब्दुल कलाम पार्क में मनाया गया। बता दें बारी-बारी से पुष्प अर्पित करते हुए नमन,वंदन किया गया।वहीं ए आई एम आई एम पार्टी के बरही विधानसभा प्रभारी सूरज दास ने बताया कि कांशीराम साहब ने साईकल से चलकर पूरा उत्तर प्रदेश सहित सारे बहुजन समाज को एकजुट किया था आज हमारे पास तो बहुत संसाधन है। इसलिए हमलोगों को कमजोर पड़ने की जरूरत नहीं है बल्कि जमीनी स्तर बूथ लेवल पर काम को और तेजी लाने की जरूरत है। विचार की क्रांति सबसे बड़ी हथियार है। हम ए आई एम आई एम चीफ बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी के विचारों को घर-घर पहुंचाएंगे। जिस दिन लोग विचार से जाग जाएंगे उस दिन बरही विधानसभा में लोकल विधायक होगा। आज हमारे बरही प्रखण्ड के युवा समाजसेवी पूर्व बरही पूर्वी जीप प्रत्यासी मेहताब अंसारी का आई एम आई एम में स्वागत किया गया।मौके पर आई एम आई एमपार्टी के बरही प्रखण्ड उपाध्यक्ष उमेश कुमार यादव ने कांशीराम साहब के पद चिन्हों पर चलने की जरूरत है। हमें पूर्ण विश्वास है कि बरही में बदलाव होगी और आई एम आई एम पार्टी का विधायक भी होगा। कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी सूरज दास, बरही प्रखण्ड उपाध्यक्ष उमेश कु० यादव, जुनैद अंसारी, मेहताब अंसारी, रफीक अंसारी, असरफ अंसारी, असफाक अंसारी शामिल हुए।



## विधायक उमा शंकर अकेला ने प्रखंड की मुख्य रोड का किया शिलान्यास

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण :** प्रखण्ड में बरही विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला के नेतृव में सड़कों का जाल बिछ रहा है। शुक्रवार को एक ही दिन प्रखण्ड के आठ महत्वपूर्ण सड़कों का विधायक अकेला ने धड़ाधड़ शिलान्यास कर अपने विकासात्मक सोच को प्रदर्शित किए। ताकि लोकसभा चुनाव के आचार संहिता क्षेत्र के विकास में बाधा नहीं बने। अब सभी योजनाएं आचार संहिता के कारण रुकेंगे नहीं बल्कि समय से पूर्ण भी हो सकेंगे। इस सम्बंध में विधायक पिए अजय राय और मीडिया प्रभारी मनोज कुमार यादव के द्वारा बताया गया कि शुक्रवार को विधायक अकेला के द्वारा झापा पंचायत अंतर्गत बेढना सूजी से दैहर पथ तक मरोम्मत्ति, महूदी मोड़ से जोकट भाया केवलिया बक्शीडीह पथ तक मरोमती, एनएच 2 स्तिथ पांडेयबारा से केंदुआ तक पथ मरम्मती, सेलहारा कला के पीडब्ल्यूडी रोड सेलहारा से पीडब्ल्यूडी परतापुर तक पथ मरोम्मत्ति, सेलहारा कला के पीडब्ल्यूडी रोड सेलहारा से पीडब्ल्यूडी रोड दर्जीचक पथ का मरोम्मत्ति,डेबो से मरगोजा तक पथ का मरोम्मत्ति,रैंबो करमा, डेबो पीडब्ल्यूडी रोड, कारीपहाड़ी से पीडब्ल्यूडी रोड बृंदा तक पथ का मरोम्मत्ति कार्य का शिलान्यास किया गया। मौके पर विधायक श्री अकेला ने कहा कि हर गांव और टोले तक सड़क बनाई जा रही है ताकि लोग मुख्य सड़कों तक आराम से पहुंच सके। विधायक ने कहा कि विधानसभा के सभी प्रखंडो को मॉडल के रूप में विकसित करने के सपने को पूरा करने का प्रयास कर रहा हूँ। जो विकास के नए अध्याय के साथ नया इतिहास लिखेगा। वहीं विधायक अकेला ने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव होने वाला है, आंधी तूफान की तरह लोग आपके पास आएंगे और बरगलाने का प्रयास करेंगे, लेकिन आप सोच समझ कर ही अपना प्रतिनिधि चुने जो हमेशा आपके सुख दुःख में आपके साथ हो। वहीं, शिलान्यास कार्यक्रम के मौके पर विधायक प्रतिनिधि रामफल सिंह, मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, केशरी नायक, लेखनारायन साव, मनोज सिंह, सुदेश सिंह, विनोद लक्ष्मी सिंह, बबन सिंह, विवेक सिंह, शिवजी सिंह, गुंजेश सिंह, गणेश राणा, शम्भू यादव, संजय यादव, संजीत सिंह, नीरज सिंह, सत्यनारायण पांडेय, मनोज यादव, अमलेश यादव, नारायण यादव, कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारीगण, विधायक प्रतिनिधि एवं सभी विभागीय प्रतिनिधि उपस्थित थे।



## एकादशी उद्यापन से ग्रामीण क्षेत्र में वातावरण शुद्ध होता है : किशुन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पुरहरा में एकादशी उद्यापन में पुरहरा निवासी सीताराम यादव एवं डोमन महतो के यहाँ भव्य तरीके से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा के साथ पूजा पाठ पूरी विधि विधान तरीके से आरंभ किया गया ।जिसमे मुख्य अतिथि के रूप से जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव शामिल हुए इसके बाद कलश देकर सभी श्रद्धालुओं को कलश देकर रवाना किया वहीं उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में यज्ञ होने से नारात्मक शक्ति का नाश होता है और हमें सरात्मक ऊर्जा मिलती है क्षेत्र में खुशी होता है। वहीं मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, शिक्षक इसो सिंह, ब्रमदेव यादव, कुलेश्वर यादव, विजय यादव, संतोष यादव, मोनू यादव, अविनाश, आनंद, विश्वनाथ, उदय सहित सैकड़ो में महिलाएं शामिल हुए।



## सम्पादकीय.....

# संवेदनशीलता बनी रहे, तो अच्छा

**अंततः** देशभर में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू हो ही गया। 11 मार्च की शाम गृह मंत्रालय ने इससे सम्बन्धित अधिसूचना जारी कर दी। अब सीएए का पोर्टल भी चालू कर दिया गया है। हां, लोकसभा चुनाव से ठीक पहले सीएए लागू करने को लेकर इसकी टाइमिंग पर सवाल अवश्य उठ रहे हैं। नागरिकता संशोधन कानून लाये जाने के लगभग 04 वर्ष बाद 11 मार्च को केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने इसे लागू करने की घोषणा की है। जब यह कानून लाया गया था, तब इसके खिलाफ काफी लम्बा शांतिपूर्ण विरोध हुआ था। इसे अधिसूचित करने में इतनी देर के पीछे एक तर्क यह भी है कि सरकार चाहती थी, दोबारा इस मुद्दे पर देश में उस तरह के हालात नहीं बनें। हालांकि, कई कारणों से प्रारम्भिक प्रतिक्रियाएं बता रही हैं कि इस बार भी इसने बड़े पैमाने पर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। पहला कारण तो यही है कि सरकार ने इसे अधिसूचित करने का जो समय चुना, वह लोकसभा चुनावों से ठीक पहले का है। विपक्ष ने इसे भी एक आरोप बनाया है कि सरकार की यह घोषणा सत्तारूढ़ पार्टी को इसका चुनावी लाभ दिलाने के उद्देश्य से प्रेरित है। वैसे, सरकार और सत्तारूढ़ दल की तरफ से यह बात कही जा सकती है कि पिछली बार भाजपा ने अपने घोषणापत्र में कहा था, सीएए को लागू किया जायेगा। अतः, चुनाव से पहले इसे लागू करना उसका दायित्व था। पिछली बार यदि सीएए के खिलाफ तीव्र भावनाएं फैलीं, तो उसकी एक बड़ी वजह यह भी थी कि सीएए के साथ एनआरसी (नैशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजंस) को जोड़ कर देखा जा रहा था। इस बार एनआरसी की कोई बात नहीं की गयी है। हालांकि, विपक्ष के कुछ नेता आशंका जता रहे हैं कि सीएए के बाद एनआरसी को भी लागू किया जायेगा। वैसे, सरकार ने अभी इस बाबत कोई संकेत नहीं दिया है। फिर भी असम और पश्चिम बंगाल जैसे कुछ राज्यों में इसका प्रारम्भिक विरोध देखा गया है। पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री यह भी कह चुके हैं कि वे अपने राज्य में इसे लागू नहीं करेंगे। फिलहाल तो इसे अपने-अपने समर्थक वोटर समूहों को सम्बोधित करने और उन्हें आश्वस्त करने की ही कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। रही बात इस कानून के प्रावधानों की, तो इसके पक्ष-विपक्ष में पहले ही काफी बातें हो चुकी हैं। धर्मनिरपेक्षता की संवैधानिक शर्त पर यह खरा उतरता है अथवा नहीं, इससे जुड़ा एक मामला पहले से सर्वोच्च न्यायालय में चल रहा है। 11 मार्च की अधिसूचना के बाद एक बार फिर नजरें न्यायालय की ओर घूमी हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस पर सुनवाई की प्रक्रिया तेज होगी और शीर्ष न्यायालय इस धुंध को समय रहते साफ कर देगा। बहरहाल, संदर्भ को लेकर चुनावी लाभ-हानि का जो भी गणित हो, यह आशा की जानी चाहिए कि सभी पक्ष इस विषय पर संवेदनशीलता दिखलायेंगे और अपना संयम भी बनाये रखेंगे।

## किसने क्या कहा



भाजपा ने गरीब के बेटे को पीएम और बूथ कार्यकर्ता को देश का गृहमंत्री बनाया

**अमित शाह**
**गृह मंत्री**

केन्द्र में कांग्रेस की सरकार आयी, तो आदिवासियों को जमीन के पट्टे दिये जायेंगे

**राहुल गांधी**
**कांग्रेस नेता**



# पहली बार मतदाता बने युवाओं की लोकतंत्र के उत्सव में बड़ी भूमिका

विशेष | **नीरज चोपड़ा**

**यह** 'जन आन्दोलन' युवाओं की आवाज की सामूहिक शक्ति और देश के लोकतांत्रिक परिदृश्य को आकार देने में उनकी सक्रिय भागीदारी के महत्त्व को रेखांकित करता है। आइए, हम इस जिम्मेदारी को उठाने और अपनी सामूहिक आवाज की ताकत का उत्सव मनाने के लिए एकजुट हों। आइए, हम इस चुनौती को स्वीकार करें, आइए हम अपनी आवाज उठायें और आइए, हम दूसरों को भी ऐसा करने के लिए सशक्त बनायें। एक एथलीट के रूप में, हम ट्रैक और फील्ड के चैंपियन हैं; लेकिन एक युवा के रूप में, हम 'परिवर्तन के वाहक' हैं। लोकतंत्र के खेल में, हर वोट का महत्त्व होता है और हर आवाज मायने रखती है।

**खिलाड़ी** अपने समर्पण, दृढ़ता और टीम भावना के माध्यम से देश की सेवा करते हैं। चाहे घरेलू मैदान हो या विदेशी, देश की जर्सी पहनना एक विशेषाधिकार और जिम्मेदारी दोनों है। लेकिन दुनिया के सबसे जीवंत लोकतंत्र के एक अभिन्न अंग के रूप में हम खिलाड़ी और युवा भारतीय एक और विशेषाधिकार की आकांक्षा करते हैं-वह है मतदान। चुनाव लोकतंत्र का आधार होता हैं, जो नागरिकों को अपने प्रतिनिधियों को चुनने का महत्वपूर्ण अधिकार देता है। हालांकि, यह अधिकार निष्क्रिय नहीं है, चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल होना एक कर्तव्य है, विशेषकर युवाओं का। ऐतिहासिक रूप से, युवाओं ने सामाजिक परिवर्तन का नेतृत्व किया है और चुनावों में उनकी भागीदारी महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए, मतदाता पंजीकरण से लेकर जमीनी स्तर पर प्रचार अभियान तक के प्रत्येक चरण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता होती है। पहली बार के मतदाता नए दृष्टिकोण के साथ पारदर्शिता और समावेश जैसे आदर्श लेकर आते हैं। एक युवा मतदाता की ऊर्जा और तकनीक-प्रेमी प्रकृति, चुनावी परिदृश्य को जीवंत बनाती है तथा नागरिकों की जरूरतों के अनुरूप पहुंच और उत्तरदायित्व को बढ़ावा देती है। युवा निर्वाचित प्रतिनिधियों को जवाबदेह बनाने एवं जनता से जुड़े मुद्दों का समर्थन करने व आवाज उठाने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा इस प्रकार लोकतंत्र के महत्व और इसके प्रति निष्ठा की रक्षा करते हैं। महात्मा गांधी के शब्दों में, "भविष्य इस पर निर्भर करता है कि आप आज क्या करते हैं।' लोकतंत्र का पहिया एक बार फिर से घूम रहा है, भारत में आम चुनाव, 2024 की तैयारी चल रही है, ऐसे में राष्ट्र के भाग्य को स्वरूप देने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया जाना जरूरी है। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम "मन की बात" में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी प्रक्रिया में युवाओं की सहभागिता के महत्व पर जोर दिया और पहली बार मतदाता बने युवाओं के लिए लक्षित निर्वाचन आयोग के "मेरा पहला वोट देश के लिए" अभियान के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने भारत के युवाओं के जोश और उत्साह की सराहना की तथा उनसे सक्रिय रूप से मतदान में भाग लेने की अपील की क्योंकि देश के भविष्य पर इसका प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। पहली बार मतदाता बने युवाओं से रिकॉर्ड संख्या में भाग लेने की अपील करते हुए, उन्होंने देश की नियति को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विभिन्न सेक्टरों से जुड़े प्रभावशाली लोगों से अभियान में शामिल होने तथा सामाजिक बदलाव को प्रेरित करने में उनकी प्रभावी भूमिका को स्वीकार करते हुए युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करने की अपील की। चुनावी माहौल के बीच, उन्होंने युवाओं से न केवल राजनीतिक कार्यकलापों में भाग लेने का आग्रह किया बल्कि वर्तमान में जारी चचाओं और बहसों के बारे में भी जानकारी रखने की अपील की।

भारतीय निर्वाचन आयोग चुनावों में युवाओं की सार्वजनिक प्रबुद्ध सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान चला रहा है। केंद्रीय मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने अभियान गीत लॉन्च किया जो युवा मतदाताओं को उनके लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने की देश की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह अभियान गीत मतदाता जागरूकता अभियान का एक हिस्सा है जो चुनावी प्रक्रिया में युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी की अपील की भावना का प्रतीक है। देश भर के युवा इस अभियान गीत को अपने युवा मित्रों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के आह्वान के रूप में अपना रहे हैं। इस पहल के तहत उच्च शिक्षा संस्थान (एचईआई) देश भर में मतदाता जागरूकता कार्यकलापों का आयोजन कर रहे हैं और अधिक प्रतिनिधि लोकतंत्र के लिए मतदान करने के मूल्य पर जोर दे रहे हैं। जहां उच्च शिक्षा संस्थान वास्तविक कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं, ऑनलाइन प्रतियोगिताएं भी माईगव प्लेटफॉर्म पर आयोजित की जा रही हैं जिनमें ब्लॉग लेखन, पॉडकास्ट, वाद-विवाद आदि का आयोजन किया जा रहा है जिससे कि कंटेंट सृजन में रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया जा सके। कार्यशालाएं, संगोष्ठियां, फ्लैश मौब्स तथा मतदाता संकल्प अभियान छात्रों को चुनावी प्रक्रिया की तरफ और अधिक आकर्षित कर रहे हैं तथा इन्हें इसके बारे में शिक्षित कर रहे हैं जिसमें एनएसएस स्वयंसेवक तथा संस्थान के क्लब सक्रिय रूप से अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। प्रधानमंत्री की अपील के जवाब में, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब और मनोरंजन उद्योग सहित विभिन्न प्लेटफार्मों के प्रभावशाली लोग सक्रिय रूप से इस अभियान का समर्थन कर रहे हैं और पहली बार मतदाता बने युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं। देश के कोने-कोने से खेल, मनोरंजन, व्यापार और उद्योग जैसे क्षेत्रों में अपनी छाप छोड़ने वाले प्रमुख नाम इस संदेश को दूर-दूर तक फैलाने के लिए एक साथ आए हैं। इस अभियान में जसप्रीत बुमराह, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद सिराज, अवनि लेखारा, सैखोम मीराबाई चानू जैसे मेरे साथी खिलाड़ी और अनिल कपूर, प्रोसेनजीत चटर्जी, रवीना टंडन, राणा डूग्गुबाती, कैलाश खेर, श्रेया घोषाल जैसी फिल्मी हस्तियां व रितेश अग्रवाल, बी. वी. आर. मोहन रेड्डी जैसे उद्योग जगत के अगुआ और कई पद्म पुरस्कार विजेताओं ने भाग लिया है, जिससे यह अभियान मतदाता जागरुकता का एक 'राष्ट्रीय आंदोलन' बन गया है।

# सीएए पर भ्रम की राजनीति के निहितार्थ

गौरतलब | **सुरेश हिंदुस्थानी**

**वर्तमान** में शरणार्थी और घुसपैठियों का अंतर समझने की बहुत आवश्यकता है। शरण वही मांगता है, जो मजबूर हो गया हो, और घुसपैठ करनेवाला व्यक्ति एक उद्देश्य को लेकर चलता है। आज देश के लगभग आठ राज्य ऐसे हैं, जहां घुसपैठ करनेवाले नागरिक भारत में रह रहे हैं। इतना ही नहीं, इनको भारत में राजनीतिक संरक्षण भी आसानी से मिल जाता है। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी खुल कर घुसपैठियों के समर्थन में खड़ी होती दिखाई देती हैं।

**भारत** में नागरिकता संशोधन अधिनियम के लागू होने के बाद एक बार फिर से राजनीतिक गुणा भाग का खेल प्रारंभ हो गया है। तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले राजनीतिक दल इस मामले में पूर्व नियोजित राजनीति ही कर रहे हैं। जबकि केंद्र सरकार की ओर से बार बार यह स्पष्ट किया जा रहा है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम नागरिकता देने वाला है, यह किसी की नागरिकता को समाप्त नहीं करेगा। इसके विपरीत केंद्र सरकार के प्रत्येक कदम का विरोध करने वाले राजनीतिक दल इसे भारतीय मुसलमानों के विरोध में उठाया गया कदम बताने का भ्रम पैदा करने वाला रवैया बता रहे हैं। यहां एक बात यह भी स्पष्ट करने वाली है कि इस अधिनियम में भारत के मुसलमान कहीं है ही नहीं, फिर क्यों इस अधिनियम में मनमाफिक निहितार्थ तलाश करने की राजनीति क्यों की जा रही है। क्या इस प्रकार की राजनीति देश को मजबूत बना सकती है, यकीनन नहीं। क्योंकि जिस देश में कुतर्क की राजनीति की जाती है, वहां भ्रम का वातावरण ही निर्मित होगा। देश के राजनीतिक दलों को चाहिए कि वह स्वच्छ और रचनात्मक राजनीति करके देश को शक्तिशाली बनाने का प्रयास ही करे। जहां तक भारतीय जनता पार्टी की बात है तो वह अपने एजेंडे से अलग कुछ भी नहीं कर रही है, नागरिकता का मुद्दा उसके लिए पहले से ही प्राथमिकता में रहा है। इतना ही नहीं अभी तक भाजपा नीत केंद्र सरकार ने जो निर्णय लिए हैं, उन सभी को लेकर ही वह जनता के पास गई और भाजपा को ऐसा करने के लिए ही समर्थन मिला। नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत यह भी स्पष्ट है कि इसमें बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के प्रताड़ित अल्पसंख्यक समाज को ही भारत की नागरिकता देने का प्रावधान किया है, इसके विपरीत इन देशों में मुसलमान बहुसंख्यक है। वे हिन्दू सहित अन्य गैर मुस्लिमों को प्रताड़ित करते रहते हैं। इसी प्रताड़ना के कारण ही वे अपने देश को छोड़ने के लिए मजबूर हो जाते हैं। इन प्रताड़ित लोगों के लिए किसी भी मुस्लिम देश में शरण नहीं मिलती। इसी कारण से भारत सरकार ने यह कदम उठाया है। जबकि इन देशों में मुस्लिमों को प्रताड़ित नहीं किया जाता। इसके विपरीत भारत में तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले नेता इसका गलत अर्थ निकालकर भारतीय मुसलमानों को भ्रमित करने की राजनीति कर रहे हैं।

## आज का इतिहास

- फ्रांस के राजा लुईस चौदहवें ने 1690 में आयरलैंड में सेना भेजी।
- अमृतसर समझौते के मुताबिक कश्मीर का आधिपत्य 1846 में जम्मू के हिंदू राजा गुलाब सिंह के अधीन कर दिया गया।
- इंग्लैंड ने 1922 में मिस्र को मान्यता दी।
- चेकोस्लोवाकिया पर जर्मनी ने 1939 में कब्जा किया।
- वी-2 रॉकेट 1942 में लांच किया गया, लेकिन उसी दौरान इसमें ब्लास्ट हो गया।
- इराक और सोवियत संघ ने 1959 में आर्थिक एवं तकनीक समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- अमेरिका ने 1966 में मानवयुक्त अंतरिक्ष यान 'जेमिनी 8' लॉन्च किया।
- आठ सालों तक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री और 13 वर्षों तक लेबर पार्टी के नेता रहे, हैरल्ड विल्सन ने 1976 में त्यागपत्र देकर सबको चौंका दिया था।
- अमेरिका ने 1978 में नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- रूस ने 1982 में पश्चिम यूरोप में नए परमाणु मिसाइलों की तैनाती रोकने की घोषणा की।
- मिस्र में चिपोज के पिरामिड में 1989 में 4400 साल पुरानी ममी मिली।
- नासा अंतरिक्ष यात्री नॉर्मन रूसी 1995 में अंतरिक्ष स्टेशन मीर का दौरा करने वाले पहले अमेरिकी बने।
- चीनी राष्ट्रपति जियांग जेमिन 1998 में अगले कार्यकाल के लिए पुनः राष्ट्रपति निर्वाचित।
- ग्रीन स्मिथ 2003 में दक्षिण अफ़्रीका के क्रिकेट कप्तान बने।
- रूस में 2004 में नौ मंजिला इमारत में विस्फोट, 21 मरे।
- संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव कोफी अन्नान ने 2005 में सुपाचयी पानिचपकड़ी को अंकटाड का नया अध्यक्ष नामांकित किया।
- सन 2006 में चुनाव के तीन महिने बाद ईराक की नयी संसद ने शपथ ग्रहण की।
- दक्षिण अफ़्रीका के हर्शेल गिब्स ने 2007 में एक ओवर में छह छक्के लगा कर विश्व रिकार्ड बनाया।

## अंकजाल - 7489



*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है।*

*अंकजाल 7488 का हल*



Jagrutidaur.com, Bangalore

## परमात्मा का दिव्य उपहार है जीवन

**मानव** जीवन परमात्मा का दिव्य उपहार है। जिंदगी को जीना सीखें। कुछ लोग जिंदगी को जीते हैं, कुछ लोग काटते हैं। जिसको जीना और जाना आ गया वह जीवन में सफल हो गया। हे मनुष्य एक दिन भी जी, अटल विश्वास बनकर जी। ब्राह्मो मुहूर्ते बुध्येत, धर्मार्थों चातुचिन्तयेत् अर्थात् व्यक्ति ब्रह्म मुहूर्त में जागे और धर्म एवं अर्थ के विषय में चिंतन करें। शास्त्रकारों ने यह कभी नहीं कहा कि व्यक्ति अर्थोपार्जन न करे। वह अर्थोपार्जन करे किंतु धर्मपूर्वक, अधर्मपूर्वक नहीं। हमें न तो आध्यात्मिकता की उपेक्षा करनी है न भौतिक सुख सुविधाओं की है। ब्रह्म मुहूर्त में व्यक्ति जितना अच्छा चिंतन कर सकता है उतना दूसरे समय में नहीं। स्वास्थ्य की दृष्टि से भी यह सर्वोत्तम समय है। बिल कोस्बो ने इस संदर्भ में कहा है कि मुझे नहीं मालूम कि कामयाबी पाने की पुंजी क्या है, पर हर आदमी को खुश करने की कोशिश करना ही नाकामयाबी की पुंजी है। जीवन में यदि आप सफल होना चाहते हैं तो प्रसन्न रहने की आदत डालिए, क्योंकि सफलता और प्रसन्नता का चोली दामन का साथ है। हम जो चाहें हमारे जीवन का जो लक्ष्य हो उसे पा लें यह सफलता है और जब मन चाहे लक्ष्य को पा लेंगे तो स्वभावतः प्रसन्नता का अनुभव करेंगे।

## सुविचार

गरीबी दैवी अभिशाप नहीं, बल्कि मानवरचित षडयंत्र है।

**महात्मा गांधी**

बिना जोश के आज तक कोई भी महान कार्य नहीं हुआ।

**सुभाष चंद्र बोस**

# सड़क हादसे और उनसे होनेवाली मौत को कम करने का '4 ई फार्मूला'

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**एक** ओर दुनिया के देशों में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौत के आंकड़ों में कमी आने लगी है। वहीं लाख प्रयासों के बावजूद हमारे देश में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतों के आंकड़ों में लगातार बढ़ोतरी ही हो रही है। हालांकि सरकार इसके लिए गंभीर है और नित नए प्रयास व कदम उठाये जा रहे हैं पर परिणाम अभी तक उत्साहजनक नहीं मिल पा रहे हैं। पिछले दिनों देश में चार ई कंसेप्ट पर चर्चा भी आरंभ हुई है पर उसका परिणाम अभी भविष्य के गर्भ में छुपा हुआ है। वैश्विक आंकड़ों पर नजर ड़ाली जाये तो 2010 से 2021 के दौरान सड़क दुर्घटनाओं के कारण मौत के आंकड़ों में 5 प्रतिशत की कमी आई है। ठीक इसके विपरीत हमारे देश में दुर्घटनाओं के कारण मौत का आंकड़ा कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। देश में प्रति घंटा 53 दुर्घटनाएं और 19 मौत हो रही है। सबसे चिंतनीय तो यह है कि 60 प्रतिशत मौत 18 से 35 वर्ष के लोगों की हो रही है। 2022 के आंकड़ों पर नजर ड़ाली जाये तो देश में चार लाख 50 हजार दुर्घटनाएं हुईं और इन दुर्घटनाओं के कारण एक लाख 68 हजार लोग मौत के मुंह में समा गये। आंकड़ों के अनुसार दुर्घटनाओं में 12 प्रतिशत और मौत में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। इस सबसे जीडीपी में 3.14 प्रतिशत का नुकसान हो रहा है। सड़क दुर्घटनाओं से मौत वास्तव में गंभीर है और नितिन गडकरी की चिंता देश की चिंता है। दरअसल दुर्घटनाओं से मौत के कारण होने वाले नुकसान को कम करके नहीं देखा जा सकता। दुर्घटना के कारण जन हानि, धन हानि और इसके साथ ही अन्य परिणामों की गंभीरता को आसानी से समझा जा सकता है।

देश में 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौत की रफ्तार को आधी करने के लक्ष्य को लेकर चलने के बावजूद सड़क दुर्घटनाओं और मौत का आंकड़ा दोनों में ही कमी नहीं आ रही है। हालांकि पिछले दिनों भारतीय उद्योग परिसंघ के एक कार्यक्रम में केन्द्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत के आंकड़े को 2030 तक आधा करने के लक्ष्य को अर्जित करने के लिए चार ई का फामूर्ला दिया है। चार ई में इंजीनियरिंग, एनफोर्समेंट, एजूकेशन और इमरजेंसी मेडिकल सुविधा शामिल है। सही भी है सड़क बनाते समय थोड़ा सा ध्यान नहीं देने से एक्सिडेंट स्पॉट रह जाते हैं और वह आये दिन दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। देश में सबसे अधिक दुर्घटना का कारण इस तरह के एक्सिडेंट स्पॉट ही हैं। हालात यहां तक है कि इस तरह के एक्सिडेंट स्पॉट गली कूचे की सड़कों से लेकर विशेषज्ञों द्वारा गहन चिंतन मनन से तैयार रोडमैप से बनने वाली एक्सप्रेस हाइवे तक में मिल जाती है। एक बड़ा कारण नेशनल हाइवे लेकर गली कूचों की सड़कों में गड्ढों की भरमार भी दुर्घटना और मौत का कारण बन जाती है। तस्वीर का एक पक्ष तो यह भी है कि नेशनल हाइवेज जहां हम टोल देकर यात्रा करते हैं वहां भी सड़कों के रखरखाव में कमी आसानी से देखी जा सकती है। वर्षात या अन्य कारणों से सड़क के ऊंची-नीची होने या गड्ढे होने के कारण दुर्घटनाएं आम है। खतरनाक मोड़ व अन्य तकनीकी खामियों के चलते दुर्घटनाएं होने से लोगों को जान से हाथ धोना पड़ जाता है। एनफोर्समेंट, एजूकेशन और दुर्घटना के समय तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होना अतिआवश्यक होता है। समय पर चिकित्सा सुविधा मिलने से दुर्घटना के कारण कम से कम जिंदगी तो बचाया जा सकता है।

# दो रुपये की छूट और अरबों की लूट !

गौरतलब | **राकेश अचल**

**आप** कल्पना कीजिये कि जिस सरकार ने पांच साल में अकेले इलेक्टोरल बांड से 60 अरब कमा लिये, वह सरकार महंगाई के जरिये आपको भी लगातार लूटती रही और अब जब आम चुनाव सिर पर हैं, तो आपको पेट्रोल-डीजल पर दो रुपये लीटर की छूट देकर या रसोई गैस सिलिंडर पर सौ रुपये की छूट देकर बरगलाना चाह रही है। सत्तारूढ़ दल ने चुनावी चंदे से जुटायी गयी रकम के जरिये देश भर में अपनी पार्टी के लिए 450 आधुनिक कार्यालय बना लिये, लेकिन भवन विहीन स्कूलों की फिक्र नहीं की। अस्पताल बनाने को प्राथमिकता नहीं दी।

**आज** भारत सरकार को धन्यवाद देने के साथ ही उसकी निंदा करने का भी दिन है। धन्यवाद इसलिए की उसने पूरे पांच साल लूटने के बाद जनता को डीजल और पेट्रोल के दामों में दो रुपए लीटर की छूट देने का ऐलान किया है और निंदा इसलिए की सरकार ने इलेक्टोरल बांड के जरिये पांच साल में 60 अरब का चन्दा ईडी की नोंक पर वसूल लिया। ये दोनों ही बातें चूंकि तथ्यात्मक हैं इसलिए इन्हें लेकर आप खुद फैसला कर सकते हैं कि आपको आने वाले दिनों में लुटेरी सरकार चाहिए या उसका कोई विकल्प।

इसमें कोई दो राय नहीं की हमारी सियासत का ढांचा लोकतान्त्रिक है लेकिन इसमें लूर-खसोट की पूरी गुंजाइश है। पिछले 77 साल में जो भी सत्ता में आया उसने लोक कल्याण के साथ जितना बना देश और देश की जनता को लूटा । किसी ने कम लूटा तो किसी ने ज्यादा लूटा । किसी ने लूटने में उदारता दिखाई तो किसी ने लूटने में पूरी निर्ममता का प्रदर्शन किया। केंद्रीय चुनाव आयोग की वेब साइट पर दशार्ये गए आंकड़े गवाही दे रहे हैं कि आजादी के बाद कोई सबसे बड़ी लूट मौजूदा सत्ता ने की है। भाजपा की और मोदी की गारंटी वाली सरकार ने पांच साल में इलेक्टोरल बांड के जरिये दस-बीस लाख नहीं बल्कि पूरे 60 अरब रुपए देश के उद्योगपतियों से वसूल किये और वो भी ईडी [प्रवर्तन निदेशालय ] की नोंक पर। आप कहेंगे कि ईडी [प्रवर्तन निदेशालय ] कोई चाकू या तलवार तो नहीं है जो उसकी नोंक होती हो ,लेकिन हकीकत ये है कि इस संस्था की नोक इतनी पेनी है कि जिस की भी गर्दन पर रखी गयी उसने मन से या बेमन से इलेक्टोरल बांड खरीदकर भाजपा के खाते में डाल दिए। लूट का ये नायाब तरीका कांग्रेस छह दशक तक देश पर राज करने वाली कांग्रेस भी नहीं खोज पायी थी। केंचुआ की वेब साइट पर आयी 762 पृष्ठों की जानकारी का सार ये है कि भाजपा ने पांच साल में कुल 60 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को भुनाया है। इस मामले में दूसरे नंबर पर तृणमूल कांग्रेस है, जिसने 16 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को भुनाया है। राजनीतिक दलों के लिए सबसे ज्यादा इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वाली कंपनी फ़्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज है। इस कंपनी ने कुल1368 बॉन्ड खरीदे, जिसकी कीमत 13.6 अरब रुपये से अधिक रही। लुटेरों की सरताज भाजपा अब यदि रसोई गैस पर 100 रुपए की और पेट्रोल -डीजल पर आपको दो रुपए लीटर की छूट दे रही है तो ये कोई अहसान नहीं बल्कि आने वाले आम चुनावों में आपके अनमोल वोट की सबसे सस्ती कीमत है। अब यदि देश की भोली जनता इस हकीकत को नहीं समझती तो उसका मालिक भगवान ही हो सकता है, कोई राजनीतिक दल नहीं। राजनितिक दल तो चोर-चोर मौसेरे भाई हैं ,कोई छोटा लुटेरा तो कोई बड़ा लुटेरा । लूटना सभी के डीएनए में शामिल है। देश की जनता का दुर्भाग्य है कि उसे इन्हीं लुटेरों के गिरोहों में से अपने लिए चौकीदार, सेवक, संरक्षक और भाग्य विधाता चुनना है।

## राशिफल

**मेष:** महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें, तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**तुला:** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**वृष:** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक:** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जानेवाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**मिथुन:** संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी।

**धनु:** व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवा कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**कर्क:** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। सच्चाई का सहारा लें, कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**मकर:** शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी।

**सिंह:** कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। विरोधियों के सक्रिय होने की आशंका है।

**कुंभ:** किसी से कहा-सुनी न हो, यह ध्यान रहे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले-देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**कन्या:** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें। उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

**मीन:** संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है। अतः, धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### एसएसबी जवान के घर हुई लाखों की चोरी

**मेदिनीनगर** : मेदिनीनगर शहर के वार्ड नंबर दो बैंक कालोनी में एसएसबी के जवान सूरज सिंह के घर में गुरुवार की चोरी हो गई। घर में कोई नहीं था। परिवार के सभी सदस्य पटना गए थे। अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जवान सूरज की मां किरण सिंह जब अहले सुबह करीब 4 बजे पटना से लौटी तो घर का ताला टूटा देखकर हतप्रभ रह गईं। गेट के अन्दर जैसे ही कमरे में गया, वहां की हालत देखकर उन्हें सारा माजरा समझ में आ गया।परिजनों और स्थानीय निवासियों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी, सूचना मिलने के बाद टीओपी 3 के प्रभारी और अन्य जवान मौके पर पहुंचे।पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है। भुक्तभोगी ने बताया कि इस घटना में करीब 15 लाख से अधिक रुपए का आभूषण और करीब दो लाख रुपए नगद की चोरी हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस घटना स्थल का मुआयना किया व अनुसंधान शुरू कर दिया है।

### अकीदत के साथ अदा हुई पहले जुम्मे की नमाज

**पलामू** : रहमतों, बरकतों व मगफिरतों का महीना माह-ए-रमजान चल रहा है। शुक्रवार को रमजान के पहले जुमे की नमाज सभी मस्जिदों में अदा की गयी। जिला मुख्यालय डालटनगंज शहर के छः महान स्थित जामा मस्जिद, बाजार स्थित चौक बाजार, पहाड़ी मुहल्ला स्थित नूरी, कुंड मुहल्ला स्थित मिल्लत, मुस्लिमनगर स्थित मदीना, अहले हदीस, मोहम्मदिया, शाहपुर स्थित तैबा मस्जिद समेत सभी मस्जिदों में अकीदत के साथ नमाज-ए-जुमा अदा की गई। मौके पर जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती मोहम्मद शाहनवाज कासमी ने कहा कि रमजान का रोजा फर्ज है। जो रमजान में सवाब के नियत से रोजा रखता है, अल्लाह ताला उसके पिछले गुनाह माफ कर देते हैं। रमजान में कुरान-ए-करीम की तिलवत ज्यादा से ज्यादा करनी चाहिए। जनाब कासमी ने कहा कि अल्लाह के प्यारे नबी हजरत मोहम्मद मुस्तफा सलल्लाहो अलैहे वसल्लम ने फरमाया रमजान में सदका करना सबसे ज्यादा सवाब है। रमजान में गरीबों और मिस्कीनों की ज्यादा से ज्यादा मदद करना चाहिए। उन्होंने बताया कि नबी सलल्लाहो अलैहे वसल्लम ने बताया जब रमजान आता है तो जन्नत के दरवाजे खोल दिये जाते हैं और जहन्नम के दरवाजे बंद कर दिये जाते हैं

### उपायुक्त के आदेश पर विद्यालयों में रागी पैकेट का वितरण

**गुमला** : गुमला जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में कृषि विभाग, गुमला. अंतर्गत संचालित 'रागी मिशन योजना' के तहत 10 किलोग्राम रागी का कुल 60 पैकेट जिला मुख्यालय के नजदीक के 19 विद्यालय एवं रायडीह प्रखंड के 07 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक को मध्याह्न भोजन योजना अंतर्गत संचालित भोजन में रागी का हलवा/लड्डू देने हेतु उपलब्ध कराया गया। रागी वितरण करने का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों में होने वाली कुपोषण की समस्या को दूर किया जा सके। रागी का पैकेट प्राप्त कर सभी प्रधानाध्यापकों द्वारा उपायुक्त, गुमला के इस कार्य हेतु आभार व्यक्त किया गया।

### विधायक के निर्देश पर छह पीसीसी पथ निर्माण योजनाओं का शिलान्यास

**हरिहरगंज/पलामू** : हुसैनाबाद हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर एनसीपी नेताओं ने गुरुवार को हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत जगदम्बा ट्रेडिंग की देख रेख में होने वाले आधा दर्जन पीसीसी पथ निर्माण योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि अरुण कुमार मिश्रा,एनसीपी जिला सचिव अजय कुमार सिंह, प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, उपाध्यक्ष उदय कुमार सिंह के साथ ही एनसीपी नेता मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा ने संयुक्त रूप से वार्ड संख्या 11 में आरईओ रोड से चंद्रधन यादव के घर होते हुए रामप्रवेश सिंह के खेत तक,आरईओ रोड से परमेश्वर पासवान के घर होते हुए चादर तक।

---

### जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं, दिया निदान का भरोसा

# शिकायतों का जल्द से जल्द करें समाधान : डीसी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को रखा। जिसे उपायुक्त ने क्रम वार तरीके से सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए समाधान किया जाएगा। फरियादियों की समस्याओं को लिखित आवेदन के माध्यम से प्राप्त कर उन्हें संबंधित पदाधिकारियों को निवारण को लेकर अग्रसारित किया गया। इस जनता दरबार में कुल 22 आवेदन प्राप्त हुए। जो मुख्य रूप से अबुआ आवास, वज्रपात, मुआवजा, नियोजन आदि से संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त महोदया ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार के दौरान उपायुक्त ने लोगो को भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा। बताते चलें कि आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।




### मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की स्वीकृति के लिए बैठक सम्पन्न



**लातेहार** : उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की स्वीकृति हेतु जिला परियोजना क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना निदेशक, आईटीडीए द्वारा प्रखंड स्तरीय समिति से अनुशंसित लाभुकों की सूची जिला स्तरीय समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि सभी प्रखण्डों से लक्ष्य के अनुरूप ग्रामसभा के माध्यम से आवेदन प्राप्त कर सुयोग्य लाभुकों का चयन किया गया। बैठक में लाभुकों की प्रखंडवार संकलित सूची की संपूर्ण समीक्षा एवं विचारोंप्रांत सर्वसम्मति से समिति के सदस्यों द्वारा कुल 238 पशुपालन विभाग के लाभुक एवं गव्य विकास के लाभुकों का अंतिम रूप से चयन किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि योजना से लाभान्वित सभी सुयोग्य लाभुकों के खाता में निर्धारित राशि हस्तान्तरित करते हुए सभी लाभुकों को योजना से ससमय लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गागराई, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, लातेहार विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, जिला पशुपालन पदाधिकारी देवनाथ चौरसिया, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल समेत अन्य उपस्थित थे।

## हरिहरगंज इंटरस्टेट चेकपोस्ट से वाहन पर लदा 400 लीटर कच्चा स्पिरिट जब्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हरिहरगंज/पलामू** : थाना के समीप एनएच 98 इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर पुलिस ने गुरुवार की देर रात बोलेरो जेएच 09 जे 3321 पर लदा हुआ ब्लू रंग के 10 प्लास्टिक जार में 400 लीटर कच्चा स्पिरिट को जब्त किया है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने प्रेसवार्ता कर बताया कि आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार गुरुवार की रात करीब 11 बजे इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर वाहनों की जांच की जा, रही थी । तभी छतरपुर की ओर से आ रही बोलेरो पुलिस को देखकर चेकपोस्ट से पहले मेन रोड से पूरब दिशा में जाने लगा। शक होने पर पुलिस बोलेरो के पास पहुंची। हालांकि पुलिस को आता देख चालक बोलेरो छोड़ कर फरार हो गया। बाद में तलाशी लेने के उपरांत उसपर लदा स्प्रिट तथा बोलेरो को जब्त कर थाना लाया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि संभावना है कि इस स्पिरिट का उपयोग बिहार में शराब बनाने तथा लोकसभा चुनाव में दुरुपयोग किया जा सकता था। उन्होंने कहा कि शराब व हथियार तस्करों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। इस अभियान में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के अलावे एसआई अविनाश कुमार, सतीश कुमार गुप्ता, देवेन्द्र कुमार सिंह व पुलिस बल शामिल थे।

### जिले में शत प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से पांकी विधानसभा में मॉकड्रिल का हुआ आयोजन

## 80 पार के संकल्प के साथ करें मतदान : नगर आयुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : जिले में आगामी लोकसभा चुनाव में 80% से अधिक मतदान हो,इसे सुनिश्चित करने को लेकर स्वीप अंतर्गत कई गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में पांकी विधानसभा अंतर्गत लेस्लीगंज, तरहसी व पांकी के 5 बूथों पर काल्पनिक मतदान कराया गया। यहां बूथ पर प्रीजाडिंग ऑफीसर के रूप में फ्यूचर वोटर को तैनात किया गया था। उन सभी ने बूथों पर मतदान करने आये स्थानीय वोटर का नाम मतदाता सूची से मिलान किया इसके बाद संबंधित मतदाता के उंगली पर स्याही लगायी गयी जिसके बाद ईवीएम के कटआउट पर मतदान कराया गया। इस दौरान सभी से वास्तविक मतदान दिवस के दिन मतदान आवश्यक रूप से करने की

- 2019 के लोकसभा चुनाव में पांकी विधानसभा के सबसे कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर काल्पनिक मतदान का हुआ आयोजन

अपील की। उन्होंने मतदान करने आये सभी लोगों से दूसरे लोगों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करने की बात कही। ज्ञातव्य है कि पिछले लोकसभा चुनावों(2019) में उपरोक्त पांचो बूथों पर 50 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था। इस चुनाव में यह प्रतिशत में बढ़ोतरी हो सके इसी उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत यह मॉकपोल का आयोजन किया गया। मौके पर मेदिनीनगर नगर आयुक्त सह स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी जावेद हुसैन ने कहा कि इस मॉकपोल का एकमात्र उद्देश्य मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है। आज सभी लोग आकर मतदान किये इसी तरह वास्तविक मतदान के दिन भी पूरी उत्सुकता के साथ अपना मतदान करना है।उन्होंने कहा कि आपके वोट से ही सरकार बनती है इसी गर्व से आप सभी को मतदान करना है। उन्होंने कहा कि आज मॉकड्रील में काल्पनिक मतदान के दिन जिस तरह से स्थानीय बीएलओ ने सभी मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया है यह प्रशंसनीय है। उन्होंने सभी बीएलओ को मतदान के दिन भी मतदाताओं को जागरूक करने में अपना शत प्रतिशत योगदान देने की बात कही।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर का आठवां वार्षिकोत्सव 17 मार्च से, तीन दिनों तक चलेगा अनुष्ठान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



लातेहार : जिला मुख्यालय के राजहार मोड़ के पास स्थित शिव-पावर्ती सह पंचमुखी हनुमान मंदिर का आठवां वार्षिकोत्सव 17 मार्च को कलश यात्रा के साथ प्रारम्भ होगा। इस सम्बन्ध में मंदिर समिति के अध्यक्ष चंद्रेश्वर प्रसाद शौंडिक उर्फ चामू साव ने बताया कि आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है।कलश यात्रा में भाग लेने के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्र से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर थाना चौक, मुख्य पथ होते हुए काली मंदिर मोड़ तक पहुंचेगी और इसके बाद मानस पथ होते हुए औरंगा नदी घाट जायेगी। यहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशों में जल भरा जायेगा। उन्होने बताया कि 18 मार्च को मंदिर परिसर मे वेदी पूजन होगा जबकि 19 मार्च को हवन व पूणार्हूति के बाद भंडारा का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने मे उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष रामदेव प्रसाद (आरपीडी) के अलावा गोविंद प्रसाद, मुरारी प्रसाद, विशाल चंद्र साहू, उपेंद्र प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद, पंचम गुप्ता, भोला सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, नागेंद्र प्रसाद, शंकर प्रसाद, उमेश गुप्ता, गजेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र प्रसाद, राहुल रंजन, सुमित कुमार, शिव दयाल प्रसाद, विश्वजीत प्रसाद व शिव प्रसाद समेत कई लोग सक्रिय हैं।

## पवित्र रमजान के मौके पर अकीदकत के साथ अदा की गयी जुम्मे की नमाज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : गुमला के थाना रोड स्थित जामा मस्जिद गुमला में सबसे बड़ी जमात और भीड़भाड़ देखी गई जामा मस्जिद गुमला में जुम्मे की नमाज मौलाना ऐनाम रब्बानी ने पढ़ाई वही दूसरी बड़ी जमात आजाद बस्ती स्थित मदीना मस्जिद में कारी ओबेदुल्ला साहब ने पढ़ाई इसी प्रकार गौसिया मोती मस्जिद बाजार ताड गुमला में हाफिज जाहिद हुसैन, कादरिया मस्जिद गौस नगर गुमला में मुफ्ती काशिद राजा, मक्का मस्जिद सिसई रोड गुमला में कारी मोहम्मद शोएब ,जमात राजा ए मुस्तफा हुसैन नगर गुमला में मौलाना अहमद अली मिस्बाही ,इसके अतिरिक्त राजा कॉलोनी गुमला के जैनम मस्जिद, दावत-ए-इस्लामी मस्जिद, आजाद बस्ती स्थित मस्जिद गौसुलरा में हाफिज सद्दाम हुसैन, खड़ियापाड़ा स्थित मस्जिद होदा, मदरसा इस्लामिया फैज ए आम गुमला में भी जुम्मा की नमाज पढ़ी गई। इस मौके पर जामा मस्जिद के इमाम ऐनाम रब्बानी ने अपने संबोधन में पवित्र रमजान, कुरान शरीफ और रसूले पाक हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो ताला अलेही वसल्लम से संबंधित बहुत ही काम आने वाले बातों पर प्रकाश डालते हुए फरमाया कि इस महीने में अल्लाह का बहुत खास रहमत ,बरकत दिया जाता है आम दिनों से ज्यादा इस महीने में अल्लाह का बे हिसाब बरकतें नाजिल हुआ करती है इसलिए हम सभी को चाहिए कि जितना ज्यादा से ज्यादा इबादत करें गरीब, दीन दुखियों की मदद करें तथा रो-रो कर अपनी गुनाहों का मगफिरत अल्लाह से करें। सिर्फ भूखे रहने का नाम रोज नहीं है बल्कि दिल दिमाग, आंख, कान सभी का रोज होता है, बुराई से बच्चे और नेकी की तरफ पूरी शिद्दत के साथ इबादत में लग जाएऐं अल्लाह ने हमें इबादत के लिए ही पैदा किया है रोजेदारों का सम्मान करें इस मौके पर विभिन्न मस्जिदों के जिम्मेदारों और पदाधिकारी ने मस्जिदों की साफ सफाई और वजू के लिए पानी आदि सफाई की व्यवस्था बहुत अच्छे तरीके से किया था अंजुमन इस्लामिया के सदर मुशाहिद आजमी द्वारा जामा मस्जिद गुमला में अंजुमन इस्लामिया, के कार्यकाल का किए जाने वाले खासकर जामा मस्जिद का आजान गाह, तथा गुंबद जामा मस्जिद का दूसरे तले का छत निर्माण गुमला कब्रिस्तान का साफ सफाई बिजली रंग रोगन आदि का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया।



### पीवीयूएनएल की बनहरदी कोयला खनन परियोजना ने किया नेत्र जांच शिविर का आयोजन

## 158 व्यक्तियों की हुई आंखों की जांच

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : पीवीयूएनएल की बनहरदी कोयला खनन परियोजना द्वारा सामुदायिक विकास गतिविधियों के अंतर्गत शुक्रवार को बनहरदी कोयला खनन परियोजना के रेलवे लाइन क्षेत्र के अंतर्गत आने ग्राम आन के आंगन वाडी केंद्र में नेत्र जांच शिविर का आयोजन वहां के जनता की मांग पर किया गया। इस दौरान 158 व्यक्तियों के ऑख जांच किया गया। शिविर में ग्राम आन और आसपास के गांवों के कई ग्रामीणों ने नेत्र परीक्षण कराने का लाभ उठाया। शिविर में न केवल आवश्यक नेत्र जांच सेवाएं प्रदान की गई बल्कि विशेषज्ञ के जांच के आधार पर चश्मे की उपलब्धता और संभावित मोतियाबिंद की सर्जरी के जरूरतों का पता लगाने की सुविधा भी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रूप से ग्राम आन के राजन भगत एवं, विशेषज्ञ डॉक्टर मणिकांत महाप्रबंधक बनहरदी परियोजना, एम चंद्रसेगर अपर महाप्रबंधक, सिद्धार्थ शंकर उप महाप्रबंधक, अमरेश चंद्र राउल उप महाप्रबंधक , विनेश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक आरएंडआर, अबीर नाथ, शुभंकर मंडल , कार्यपालक का सराहनीय योगदान रहा।




## नगर परिषद अंतर्गत हुए कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला**: शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत किए गए कार्यों की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में शहरी क्षेत्र अंतर्गत पेयजल की सुविधा को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने पीएचडी विभाग से संपर्क स्थापित करते हुए पेयजल के नमूने की भी जांच करवाने की बात कही। इसके अतिरिक्त सभी पाइपलाइन की आवश्यकता अनुसार मर्रम्मति करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्ट्रीट लाइट की भी मर्रामती करने के निर्देश दिए। शहरी क्षेत्र अंतर्गत गड्ढों को अविलंब भरने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने शहरी क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था को भी दुरुस्त करने हेतु प्लानिंग तैयार करने की बात कही चौक चौराहों पर ट्रैफिक की व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु उन्होंने बस एवं ऑटो के अनियमित रूप से रोकने पर रोक लगाने का निर्देश दिया।

### ग्राम सम्पत्ति से सम्बन्धित उपायुक्त ने की समीक्षात्मक बैठक

## निर्माणाधीन योजनाओं को ससमय पूर्ण करने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : शुक्रवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में ग्राम संपत्ति योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित सभी इंजीनियरिंग विभागों को उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ग्राम संपत्ति पोर्टल पर नियमित रूप से अपलोड करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने अच्छी क्वालिटी के फोटोग्राफ्स के साथ सभी डिटेल जानकारी के साथ पोर्टल पर अपलोड करने की बात कही। उपायुक्त ने सभी निर्माण कार्यों / भवनों / योजनाओं के बाहर QR Code लगाने का निर्देश दिया एवं सभी दफकोड के अधिष्ठापन के पश्चात संबंधित विभागों को उक्त QR code का स्कैन करते हुए उसमें फंक्शनल है या नहीं से संबंधित फीडबैक भी देने की बात कही। सरकार के सभी निर्माण योजनाओं के बाहर QR code लगाने का मुख्य उद्देश्य है आम नागरिकों को योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी देना, आम नागरिक भवन अथवा निर्माण योजनों के बाहर लगे QR code पर स्कैन करके भवन / योजना संबंधित सभी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं साथ ही उसमें फीडबैक भी दे सकते हैं। उपायुक्त ने सभी वैसे अचल संपत्ति जो किसी विभाग द्वारा बनाया गया है।



## बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने किया विचार गोष्ठी का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की संचालक संजय कुमार ने किया।मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस प्रतिवर्ष 15 मार्च 1983 से मनाया जाता है उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाने का मूल उद्देश्य यही है कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए अगर वे धोखाधड़ी कालाबाजारी घट टोली इत्यादि का शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सके ग्राहकों के साथ आए दिन होने वाली धोखाधड़ी को रोकने और उपभोक्ता अधिकारों को ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए उपभोक्ता संरक्षण कानून 2019 लागू किया गया जिसमें उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की ठगी और धोखाधड़ी से बचने के लिए कई प्रावधान है जब आज कालाबाजारी जमाखोरी घटतौली जलसाजी बढ़ रही है ऐसे में अधिकारों के बारे में सभी को पता होना जरूरी है बाजारवादी दौर में उपभोक्ता का जागरूक होना बहुत जरूरी है मोर्चा अध्यक्ष है।

### झारखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षा कल, तैयारी पूरी

# शहर के 07 केन्द्रों पर दो पाली में आयोजित होगी परीक्षा




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन को लेकर बैठक की गयी। समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त, अपर समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सेंटर सुपरिटेंडेंट, स्टैटिक दंडाधिकारी, उड़नदस्ता टीम के सदस्य समेत अन्य उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त रंजन ने कहा कि यह बेहद महत्वपूर्ण परीक्षा है। इसके बेहतर संचालन एवं कदाचार मुक्त संपन्न कराने के लिए आप सबों को बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और कदाचार मुक्त परीक्षा कराना हम सब की बड़ी जिम्मेदारी है।उन्होंने सभी संबंधितों से प्रतियोगिता परीक्षा के सभी नियमों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करवाने की बात कही। उपायुक्त ने सभी पर्यवेक्षक सह दंडाधिकारी को निर्देश दिया कि वे परीक्षा तिथि को निर्धारित समय से न्यूनतम दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा को कदाचार मुक्त और सुगमता पूर्वक संचालित कराने के लिए सभी तरह के कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सेंटर सुपरिटेंडेंट यह सुनिश्चित करें कि उनकी ओर से कोई चूक ना हो। उपायुक्त रंजन ने कहा कि परीक्षा संचालन में लगे कोई भी गलत आचरण करते पाया गया तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

**शहर में बनाये गये 07 परीक्षा केन्द्र**

**17 मार्च** को आयोजित होने वाली झारखंड संयुक्त सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर शहर में 07 केन्द्र बनाए गये है जिसमें कुल 3132 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी पहली पाली में 10 से 12 वहीं दूसरी पाली में 2 से 4 बजे तक

### 37 परीक्षा केन्द्रों में 5,424 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

**लातेहार** : झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएसएसी) के द्वारा आगामी 17 मार्च को झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 आयोजित की जायेगी। इसके लिए लातेहार के तीन प्रखंडों के 37 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसके लिए परीक्षा केद्रों में केंद्राधीक्षक व दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति भी कर दी गयी है। जेपीएसएसी की परीक्षा के लिए राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र में 276 परीक्षार्थी , राजकीयकृत्त बालिका उच्च विद्यालय में 228, गांधी कॉलेज में 276, बनवारी साहु महाविद्यालय में 300, मध्य विद्यालय चंदनडीह में 108, सरस्वती विद्या मंदिर में 264, संत जेवियर एकेडमी में 312, मध्य विद्यालय करकट में 60, राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में 180, बालक मध्य विद्यालय डुरूआ में 48, बालिका उच्च विद्यालय डुरूआ में 48, मध्य विद्यालय बाजार में 36, उत्क्रमित उच्च विद्यालय उदयपुरा में 60, जवाहर नवोदय विद्यालय बाजकुम में 144, मध्य विद्यालय बाजार मेन रोड में 36, मध्य विद्यालय अंबाकोठी में 36, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में 84, लातेहार पब्लिक स्कूल में 108, डीएवी पब्लिक स्कूल में 168, केंद्रीय विद्यालय में 240, सरस्वती शिशु मंदिर रेलवे स्टेशन में 144 व उत्क्रमित मध्य विद्यालय अमवाटीकर में 48 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। वहीं चंदवा प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय में 120, बालिका विद्यालय में 168, उच्च विद्यालय में 252, खीस्त राजा मध्य विद्यालय में 264, ग्रीनफिल्ड एकेडमी में 120, ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लुकइया मोड़ में 180, प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय सांसग में 96 व आईटीआई चंदवा में 60 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे। जबकि मनिका उच्च विद्यालय में 120, बालक मध्य विद्यालय में 72, डिग्री कालेज में 432, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 60, कन्या मध्य विद्यालय में 60, मॉडल स्कूल में 48 परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे।

## एक झलक

### राजद जिला कार्यकारिणी की बैठक 17 को, चुनाव को लेकर बनेगी रणनीति

**कोडरमा :** राष्ट्रीय जनता दल की जिला कार्यकारिणी की बैठक 17 मार्च को झुमरीतिलैया स्थित विशुनपुर रोड में वरीय नेता सुभाष प्रसाद यादव आवास में आयोजित होगी। यह जानकारी राजद जिलाध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने दी।श्री यादव ने कहा कि कोडरमा में राजद का जनाधार लगातार बढ़ रहा है। लोकसभा चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं को हर बूथ पर विशेष प्रशिक्षण देकर उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को जिताने के लिए तन मन धन से काम करेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में राजद की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता बूथ से लेकर घर घर तक जाएंगे। पार्टी की जिला कार्यकारिणी बैठक में संगठन, कार्यकर्ता पदाधिकारी नेता की जिम्मेवारी और चुनाव को लेकर रणनीति पर खास चर्चा की जाएगी।

### उपायुक्त के जनता दरबार में 36 लोगों ने रखी अपनी समस्या

**बोकारो :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त विजया जाधव ने साप्ताहिक जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे कुल 36 लोगों की क्रमवार समस्याओं व शिकायतों पर सुनवाई की। साथ ही संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, भूमि पर कब्जा, आपूर्ति विभाग, राजस्व संबंधित विवाद, श्रम विभाग आदि से संबंधित प्रतिवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर अपर समाहर्ता सह विशेष कार्य पदाधिकारी मो. मुमताज अंसारी व अन्य उपस्थित थे।

### परिवार के साथ गये घूमने, घर में हो गयी साढ़े तीन लाख की चोरी

**बोकारो :** रेलवे जीआरपी थाना अंतर्गत बुधवार शाम करीब 6 से 9 बजे के बीच चोरों ने बोकारो रेलवे टेंपल कॉलोनी स्थित क्वार्टर संख्या डीएस कक्ष/36 ए में चोरी की घटना को अंजाम दिया। जिसमें चोरों ने सोने का चैन सहित अन्य जेवरात व 35-40 हजार नगदी भी उड़ा ले गया। घटना के संबंध में जीआरपी थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बीती शाम 6 बजे रेलवे कर्मी प्रीयम दत्ता अपने परिवार के साथ सेक्टर घूमने गए थे। बाहर खाना खाकर रात 9 बजे के आसपास वापस घर लौटा। इस बीच चोरो ने घटना को अंजाम दे दिया। कहा कि नगदी सहित करीब साढ़े तीन लाख की चोरी हुई है। घटना की सूचना पर पुलस मामला दर्ज कर जांच में जुट गए है। वही इधर दूसरी ओर बालीडीह थाना क्षेत्र के रेलवे गोल मार्केट की है। बोकारो ऑटो रिक्शा चालक संघ के कोषाध्यक्ष जवाहरलाल झा के बंद पड़े आवास से सामान व कैश सहित करीब 40-50 हजार की चोरी हुई है। जवाहरलाल झा ने बताया कि 9 मार्च की देर रात एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए ट्रेन से परिवार के साथ बोकारो से देवघर गया था। 12 मार्च की सुबह पड़ोसी ने चोरी हो जाने संभावना की सूचना दी।

## ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों के संरक्षण को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# ट्रांसजेंडर व्यक्ति भी हमारे समाज के अभिन्न अंग : उपायुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**देवघर :** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी विशाल सागर की अध्यक्षता में शुक्रवार को ट्रासजेंडर व्यक्तियों के अधिकारों का संरक्षण को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान डालसा से आए प्रतिनिधियों ने ट्रासजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 2019 और नियम 2020 से संबंधित विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से सभी को प्रदान की गयी। इसके अलावे एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त श्री विशाल सागर ने कहा कि ट्रांसजेंडर व्यक्ति भी हमारे समाज के अभिन्न अंग हैं, उन्हें भी समाज में बराबरी का अधिकार है। आगे उन्होंने कहा कि अपनी सोच को बदलें, पूर्वाग्रह की भावना से ग्रसित न हों। आज थर्ड जेंडर के रूप में ट्रांसजेंडर व्यक्ति अच्छा कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडर होना घृणा एवं तिरस्कार की बात नहीं है, यह कतई नहीं होनी चाहिए। इसके लिए हमारे समाज के सभी प्रबुद्ध जनों को आगे आना होगा। उन्होंने आगे कहा कि ट्रांसजेंडर व्यक्ति को भारत के संविधान द्वारा संरक्षण प्रदान किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 1619 (1)




एवं 21 में प्रत्येक व्यक्ति की तरह उनके भी अधिकार प्रदान किए गए हैं। आगे उपायुक्त ने अपील करते हुए कहा कि लिंग के आधार पर उनके साथ भेदभाव नहीं हो एवं उन्हें भी सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार मिले। इसके लिए समाज के सभी वर्गों का साथ बेहद जरूरी है। कार्यशाला के दौरान ट्रासजेंडर समुदाय के लिए सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी।

आयुष्मान भारत योजना के तहत, ट्रांसजेंडर के एक परिवार को 5 लाख रुपये तक का कवरेज मिलता है। इस कवरेज में 5 लाख रुपये तक का इलाज भी मुफ्त होता है।

निःशुल्क कॉस्मेटिक सर्जरी सरकार ट्रांसजेंडर लोगों को मुफ्त कॉस्मेटिक सर्जरी की पेशकश करती है।

एकीकृत सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत, ट्रांसजेंडर पेंशनभोगियों को हर महीने 1,000 रुपये की पेंशन दी जाती है। यह पेंशन सीधे उनके बैंक खाते में जमा की जाती है।

सरकार ने 21 अगस्त, 2020 को ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए एक राष्ट्रीय परिषद का गठन किया था। ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को समाज में भेदभाव और हिंसा का सामना करना पड़ता है. इसको रोकने के लिए सरकार ट्रांसजेंडर व्यक्तियों (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 2019 बनायी गयी।

कल्याणकारी उपायः अंबेला योजना पुनर्वास, परामर्श, शिक्षा, कौशल विकास और आर्थिक संबंधों सहित कल्याणकारी उपाय प्रदान करती है।

कार्ड आवेदनों की स्थिति की निगरानी के लिए एक पोर्टल प्रदान करता है आप सरकार के ट्रांसजेंडर पोर्टल transgenderdosje.gov.in के माध्यम से ट्रांसजेंडर आईडी कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। ट्रांसजेंडर समुदाय को ओबीसी का लाभ दिया जाएगा. ट्रांसजेंडर समुदाय के जिन लोगों को किसी भी वर्ग में आरक्षण नहीं मिला है, उन्हें ओबीसी की श्रेणी के रिक्त क्रमांक- 46 के तहत आरक्षण का लाभ दिया जाएगा।

## जैन प्रभावना रथ का स्वागत कर निकाली भव्य शोभायात्रा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** जैन धर्म के प्रवर्तक प्रथम तीर्थंकर 1008 आदिनाथ भगवान के साथ 5 जैन तीर्थंकर की जन्मस्थली अयोध्या से निकली रथ पूरे भारत में भ्रमण करते हुवे धर्मनगरी झुमरीतिलैया पहुची जहां रथ में विराजमान 1008 आदिनाथ भगवान की प्रतिमा का अभिषेक ओर शन्तिधारा का सौभाग्य जैन समाज के सभी पदाधिकारियों को प्राप्त हुआ। इसके पश्चात भव्य शोभा यात्रा जैन बड़ा मंदिर से निकाली गई जो नगर भ्रमण कर नया मंदिर में समापन हुवा रास्ते मे सभी जैन व अजेनो ने रथ में बैठे भगवान का आरती किया। अयोध्या नगरी में जैन धर्म के पांच तीर्थकार की शास्वत जन्मभूमि है। जैन समाज की सर्वसाध्वी भारत गौरव गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी के पावन आशीर्वाद से अयोध्या में नए मंदिर और नया जीणोद्धार तीर्थ की शुरूआत की गयी।इस लिए पूरे भारत भ्रमण में तीर्थ प्रभावना रथ के द्वारा धर्म की प्रभावना किया जा रहा है। रथ के साथ चल रहे पंडित सत्येंद्र जैन के नेतृव में धर्म प्रभावना रथ का संचालन किया जा रहा है। शोभा यात्रा के दौरान समाज के उप मंत्री नरेंद जैन झांझरी ने कहा कि अयोध्या तीर्थ जैन समाज के लिए अनाधिकाल से पूजनीय है, जैन संत अन्तर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज अपने प्रवचन में हमेशा कहते है कि मनुष्य को अपने जिंदगी में जन्म को सुधारना हो तो अयोध्या का दर्शन ओर मरण सुधारना हो तो सम्मेदशिखर जी का दर्शन जरूर करना चाइये, स्थानीय पंडित अभिषेक जैन जैन ने कहा कि इस तरह की रथ यात्रा से जीवन में सुख शांति मिलती है ओर जैन धर्म का अयोध्या के प्रति समर्पित दिखता है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जेपीएसएसी 2023 के सफल संचालन व विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर बैठक सम्पन्न

# कदाचार मुक्त परीक्षा का संचालन सुनिश्चित करायेंगे : मेघा भारद्वाज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएसएसी) के द्वारा आगामी 17 मार्च 2024 को झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 आयोजित की जायेगी। इस हेतु आज समाहरणालय सभागार में उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के सफल संचालन और विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है। किसी भी स्थिति में कदाचार की सूचना नहीं मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के लिये प्रतिनियुक्त स्टैटिक एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट विभागीय निदेर्शों के अनुरूप कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा का संचालन सुनिश्चित कराएं। बैठक में जेपीएससी परीक्षा को कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु परीक्षा केंद्र पर सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों को अपने-अपने कर्त्तव्यों का सही तरीके से निर्वहन करेंगे। उपायुक्त द्वारा केंद्राधीक्षकों को अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित कराने व उनकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था, कमरे में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

## सदर अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मियों व पदाधिकारियों ने मृतक ए.एन.एम के परिवार को दी सहयोग राशि



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** सदर अस्पताल कोडरमा के कुपोषण उपचार केंद्र में पदस्थापित रीना कुमारी ए.एन.एम का गत रविवार के सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना मौत हो गयी थी। ज्ञात है कि गत शनिवार के देर रात में रीना कुमारी अपनी सात वर्षीय बेटी के साथ एक शादी समारोह में शिरकत करने के लिए कोडरमा से खूँटी जाने के लिए बस में सवार हुई, रविवार के अहले सुबह चार बजे रांची स्थित तुपुदाना में बस और हाइवा में आमने-सामने जोड़दार टक्कर हुई और उस भीषण दुर्घटना में रीना कुमारी और उसकी सात वर्षीय बेटी सोनम की दर्दनाक मौत हो गयी। रीना कुमारी के परिवार में उनका एक चौदह वर्षीय पुत्र शुभम कुमार एवं पति परमानंद कुमार है। इस दुःखद एवं दर्दनाक घटना से जिले का पूरा स्वास्थ्य विभाग मर्माहत है। जिले के स्वास्थ्यकर्मियों एवं पदाधिकारियों द्वारा इस संकट की घड़ी में सहयोग राशि एकत्रित कर आज सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार द्वारा एक लाख पैंतीस हजार का चेक स्व रीना कुमारी के पुत्र सुभम कुमार को सौंपा गया। सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने उनके परिजनों को भरोसा दिलाया कि विभाग द्वारा भविष्य में भी हर संभव सहायता की जाएगी।

## पति-पत्नी के आपसी विवाद में पत्नी ने फांसी लगा कर की



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** चतरा सदर थाना क्षेत्र के सेहदा गांव में एक महिला ने पेड़ पर फंदे से झूल कर आत्महत्या कर ली, महिला की पहचान शंकर कुमार की पत्नी काजल कुमारी के रूप में की गई इस बात पर महिला के पति शंकर कुमार ने बताया कि हम दोनों में छोटी-मोटी बात को लेकर कहां सुनी हुई थी उसने फोन पर मुझे कहा था कि अगर से घर नहीं आओगे तो हम फांसी लगा लेंगे मैं घर लौटा और उससे हम दोनों के बीच में कुछ कहा सुनी हुई उसके बाद वह घर निकल कर चली गई हमें लगा हुआ गांव में कहीं गई होगी जब शाम होने लगा तो हम लोग ढूंढने लगे और वह नहीं मिली सुबह में पता चला कि जेठाई तालाब के पास फंदे से जलकर आत्महत्या कर ली सूचना पाकर चतरा सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंचता को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया और वही मामले के जांच में जुड़ गई हत्या या आत्महत्या है।

## लोहरदगा में जिला स्तरीय पुस्तक मेला सह विज्ञान प्रदर्शनी शुरू

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि बेहतर ज्ञान और मस्तिष्क के सही विकास के लिए किताबों का अध्ययन सबसे श्रेष्ठ रास्ता है। आज सोशल मीडिया के माध्यम से कई तरह की सामग्री हमें उपलब्ध होती है लेकिन वे विश्वसनीय और सही कसौटी पर परखी नहीं होती हैं। किताबों से इतिहास, अर्थशास्त्र, अपने आसपास की चीजों को बेहतर ढंग से समझने का मौका मिलता है। यह बातें उपायुक्त ने आज समाहरणालय मैदान में आयोजित जिला स्तरीय पुस्तक मेला-सह-विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में कही। इससे पूर्व उपायुक्त ने



मेला का शुभारंभ फीता काटकर व दीप प्रज्जवलित कर किया। उपायुक्त ने कहा कि आज पुस्तक मेला के जरिये विद्यालयों के लिए बेहतर पुस्तक का चयन करने का अवसर आप सभी को मिला है। आज मेला में विभिन्न प्रकाशकों के द्वारा पुस्तकों की प्रतियां मेला में उपलब्ध करायी गई हैं। आप सभी इनमें से श्रेष्ठ पुस्तकों का चयन करें ताकि वे पुस्तकें आपके विद्यालय के पुस्तकालय में भेजी जा सकें। इसका लाभ आपके बाद पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को भी होगा।

### विज्ञान प्रदर्शन में बायोगैस के मॉडल को प्रथम स्थान

**कार्यक्रम** में उपायुक्त द्वारा पुस्तक मेला-सह-विज्ञान प्रदर्शनी के सभी स्टॉलों का अवलोकन किया गया। दिये गये अंक के आधार पर विज्ञान प्रदर्शनी में उच्च विद्यालय बगडू जामनुटोली के निशांत उरांव एवं टीम को बायोगैस प्रणाली से मिथेन गैस बनाये जाने के पर ट्रॉफी देकर प्रथम पुरस्कार विजेता के रूप में पुरस्कृत किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में सभी प्रखण्डों से कक्षा 8-10 के कुल 14 टीमों ने भाग लिया। इसी प्रकार पुस्तक मेला में कुल 11 प्रकाशकों द्वारा स्टॉल लगाया गया। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आइलिन टोप्पो, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आंबुज्य पाण्डेय, अशोक पाण्डेय, सपना सिंह, जितेंद्र मित्तल समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं प्रतिभागी उपस्थित थे।

# जी. एस. पब्लिक स्कूल में वर्ग नर्सरी से नवम तक के बच्चों का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डोमचांच :** जी. एस. पब्लिक स्कूल के विद्यालय परिसर में शुक्रवार को सत्र 2023-24 के वर्ग नर्सरी से नवम तक के बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया सह पी.टी.एम. के तहत बच्चे अपने अभिभावक के साथ शिक्षकों से वातार्लाप किये व अपने अपने बच्चों के पठन-पाठन के बारे में चर्चा किये। वहीं सभी अभिभावक बच्चों के प्रगति पत्र से काफी खुश नजर आए। विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने सभी बच्चों को ढेरों शुभकामनाएं देते हुए अपने आशीर्वचन दिए और कहा की प्रोत्साहन




विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को मजबूत बनाने में मदद करता है, जो किसी के व्यक्तिगत और शैक्षणिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। निदेशक नितेश कुमार ने वार्षिक परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन से उत्साहित बच्चों को ढेर सारी शुभकामनाएं दिये। अच्छे रिजल्ट के साथ परीक्षा पास करना, किसी के भी करियर में होने वाली सबसे अच्छी चीजों में से एक होती है। 'एग्जाम पास करना' सफलता का एक क्षण है जो अच्छे से पढाई करने के बाद मिलती है। आपकी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प ने आपको परीक्षा में टॉप करने में मदद की। अभिभावकों को आग्रह करते हुए बच्चों को पढ़ाई के प्रति रुचि लाने व एकाग्र होकर आगे के वर्ग में पढ़ने की सलाह दी साथ ही साथ उन्होंने सी.बी.एस.ई. वर्ग दशम के हाल ही में हुए परीक्षा पर भी चर्चा किया। उपस्थित विद्यालय के उपनिदेशक नीरज सिंह ने सभी बच्चों को शानदार रिजल्ट के लिए बधाई? तथा शुभकामनाएं दी। घोषित सभी वर्गों के प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले में से क्रमशः वर्ग नर्सरी 'ए' से? मानशी यादव,अंश कुमार गुप्ता, अर्हम उमर। नर्सरी 'बी' से अभिषेक कुमार यादव,अनुभव गुप्ता,मो. इमाद। वर्ग एलकेजी 'ए' से अयान कुमार, अद्विक आर्या, सूफिया परवीन। एलकेजी 'बी' से जयेश कुमार, जिया रानी, अंकुश यादव। एलकेजी 'सी' से आर्यन कुमार, अंकित कुमार,ऋषभ कुमार। वर्ग यूकेजी 'ए' से शिवा कुमार,अगम राज,रितिक कुमार। यूकेजी 'बी' से अंशकृत यादव,आलिया कुमारी, सोनम कुमारी। वर्ग वन 'ए' से सिद्धि कुमारी, मयंक कुमार,अर्पित कुमार वन 'बी' से एंजेल कुमारी, मानशी कुमारी, पीहू प्रियम शर्मा। वर्ग टू 'ए' से नेहा कुमारी, अलुरुषा उस्मान, टिशू कुमार। टू 'बी' से नताशा कुमारी,राधिका कुमारी, राजीव कुमार।


## जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, कोडरमा।
(निर्वाचन शाखा)

दूरभाषः 06534–252219 **Email:** electionkoderma@gmail.com

–:: ई०–पुनर्निविदा अति अल्पकालीन आमंत्रण सूचना ::–

मंत्रीमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड राँची के पत्रांक– 5903 दिनांक – 09.11.2023 एवं पत्रांक– 6369 दिनांक – 27.12.2023 के आलोक में आगामी लोकसभा आम चुनाव, 2024 एवं विधानसभा आम चुनाव, 2024 के परिप्रेक्ष्य में जिला स्तरीय सामग्रियों की खरीदगी एवं सेवाओं की प्राप्ति करने का निदेश प्राप्त है। उक्त प्राप्त निदेश के आलोक में (1) नास्ता एवं भोजन आदि (2) कम्प्यूटर/फोटोकॉपियर/ प्रिंटर/लेपटॉप/ डेस्कटॉप/कार्टेज/ विडियोग्राफी/फोटोग्राफी/CCTV इत्यादि, (3) मतदान सामग्री, (4) मुद्रण सामग्री, (5) कार्यालय उपयोगी सामग्री, (6) टेन्ट सामियाना, अस्थायी विद्युतीकरण एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र की आपूर्ति हेतु दिनांक 23.03.2024 के अपराह्न 03:00 बजे तक कुल 06 (छः) ई –निविदा आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा दिनांक– 26.03.2024 को अप० 02:00 बजे समाहरणालय सभागार, कोडरमा में खोला जायेगा। कार्य एवं सामग्री जिसकी ई– निविदा आमंत्रित की जा रही है, कि विवरणी तथा नियम एवं शर्तें **https://jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, कोडरमा।

PR 322770 Election(23-24)D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA
### e-Procurement Tender Notice

Tender Reference No: - WRD/MID/KODERMA/F2-34/2023-24
Letter no-281Date: - 15.03.2024

**Details of Works:-**

| Group No. | Scheme Name | Estimated Cost (In Lakh) | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Badka Aahar at Block-Jainagar, Dist-Koderma | 27.519 | 11 Months |
| 2. | Renovation of Kajara Aahar at Block-Koderma, Dist-Koderma | 52.547 | 11 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender on Website | 20.03.2024 at 3:00 P.M |
| 2. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 04.04.2024 up to 5:00 P.M |
| 3. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 04.04.2024 up to 5:00 P.M |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 06.04.2024 at 3:00 P.M |
| 5. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 6. | Contact no. of e-Procurement officer | 9939193214 |
| 7. | E-mail of e-Procurement office | eemidkod-cemr-jhr@nic.in |

**Note: - 1) Only e-Tender will be accepted.**
**2) Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.**
**3) Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through** http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Koderma.

PR 322773 Minor Irrigation(23-24)D

## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

66वीं औपबंधिक सूची जिला–खूँटी

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी लौरेन्स बखला एवं अलबर्ट होरो द्वारा आयोग के माननीय सदस्य द्वय के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–एन0–23<br>2. आवेदक–सोगना मुण्डा , पिता–स्व0 धनु मुण्डा<br>3. ग्राम–जलांगा बरकाटोली , पोस्ट–गोविन्दपुर , थाना–कर्रा , प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हाथ पर तील का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–एन0–22<br>2. आवेदक–बिनोद होरो , पिता–स्व0 संतोष होरो<br>3. ग्राम–जलांगा बरकाटोली , पोस्ट–गोविन्दपुर , थाना–कर्रा , प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हाथ पर तील का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–एन0–24<br>2. आवेदक–सनिका मुण्डा , पिता–स्व0 राम मुण्डा<br>3. ग्राम–जलांगा बरकाटोली , पोस्ट–गोविन्दपुर , थाना–कर्रा , प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष ,आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हाथ के बाह में तीन तीलक। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–एन0–43<br>2. आवेदक–लोहरा होरो , पिता–स्व0 मंगा होरो<br>3. ग्राम–जलांगा बरकाटोली ,पोस्ट–गोविन्दपुर ,थाना–कर्रा , प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया हाथ पर तील का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–49/24<br>2. आवेदक–देवगी मुण्डाईन , पति–स्व0 लुदू मुण्डा<br>3. ग्राम–जलांगा , पोस्ट–गोविन्दपुर , थाना–कर्रा , प्रखण्ड–कर्रा<br>4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ पर घाव का दाग। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR.NO.322753 Home(23-24):D

## एक झलक

### संजय सिंह 'चंदन' को मिली आचार्य की उपाधि

**धनबाद** : प्रबुद्ध साहित्यकार संजय सिंह चंदन को नीति आयोग भारत सरकार से संबद्ध संस्था परिवर्तन योगेश संस्थान नई दिल्ली पंजीकृत द्वारा इनके नैतिक शैक्षणिक सामाजिक व साहित्यिक मूल्यांकन के आधार पर 15 मार्च को आचार्य उपाधि से अलंकृत किया गया। यह धनबाद के वृंदावन कॉलोनी निवासी है तथा अवकाश प्राप्त महाप्रबंधक रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर साहित्य जगत के लोग विशेष रूप से धनबाद व सिंदरी धनबाद के साहित्य जगत और सिंदरी के लोगों ने गर्व जाहिर किया है। साथ ही उन्हें इस सम्मान पर बधाइयां दी है।

### चोरी के सामान के साथ चोर को पुलिस ने धर दबोचा, अन्य की तलाश जारी

**निरसा (धनबाद)** : निरसा अनुमंडल के मैथन में बीते चार दिन पूर्व हुई चोरी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। चोरी के सामान के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने में पुलिस नें सफलता हासिल की है। उक्त मामले की जानकारी शुक्रवार को मैथन स्थित एसडीपीओ कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित कर एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने दी। एसडीपीओ रजत मणिक बाखला ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति मैथन ओपी क्षेत्र अंतर्गत कालीपहाड़ी का रहने वाला है। इस काण्ड के अलावा छोटे-बड़े कई चोरी के मामलों में भी इसने अपनी संलिप्तता कबूल की है, इसके निशांदेही पर चोरी का सामान और चोरी की घटना में उपयोग किए गए सामान भी बरामद कर लिया गया है, अन्य लोगों की भी तलाश जारी है जल्द ही अन्य अपराधी भी सलाखों के पीछे होंगे। इस दौरान एसडीपीओ नें जनता से अपील किया की अपने मकान एवं प्रतिष्ठान की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा का इस्तेमाल करें। मौके पर मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट कुमार भी मौजूद थे।

### केडी पांडेय ने विधायक मद से स्वीकृत योजना का किया शिलान्यास

**झरिया (धनबाद)** : झरिया विधायक सह सचेतक (सत्तारूढ़ दल) पूर्णिमा नीरज सिंह के विधायक मद से स्वीकृत योजना का विधायक प्रतिनिधि के०डी० पांडे ने शुक्रवार को विधिवत स्थानीय लोगों की उपस्थिति में शिलान्यास किया। वहीं, शिमलाबहाल बस्ती में कांता ढाडी के घर के पास शेड निर्माण का शिलान्यास किया। इस दौरान वहां के स्थानीय लोगों ने विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके देखरेख में झरिया में विकास तीव्रगति से हो रही है, जिससे आम जनता में खुशियों की लहर हैं। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रुप से कांता ढाडी, मनोज सिंह, उदय नारायण सिंह, विजय सिंह, देवेंद्र सिंह, जपी सिंह, चंदन सिंह, राजेश ढाडी, भीम सिंह, विरेंद्र सिंह, राकेश पासवान इत्यादि लोग मौजूद थे।

### छात्र अश्मित आकाश की संदिग्ध मौत मामले में अश्मित न्याय मंच एसडीपीओ सिन्दरी से मिला

**सिन्दरी (धनबाद)** : डिनोबली स्कूल सिंदरी के छात्र अश्मित आकाश की संदिग्ध मौत के मामले में अश्मित न्याय मंच की एक प्रतिनिधिमंडल एसडीपीओ सिंदरी भूपेंद्र प्रसाद राउत से मिला और त्वरित कार्रवाई का अनुरोध किया। ज्ञात हो की अश्मित आकाश की संदिग्ध मौत 23 मार्च 2022 को स्कूल परिसर मे ही हो गई थी। अश्मित के पिता प्रफुल्ल स्वैन की शिकायत पर पुलिस ने स्कूल का सीसीटीवी फुटेज देखा। अश्मित के कई एक दोस्तों से पूछताछ की गई। अश्मित का पोस्टमार्टम हुआ, बिसरा जांच के लिए एफएसएल रांची भेजा गया। दो साल बीतने के बाद भी अश्मित के मौत की गुत्थी नहीं सुलझी। विकास कुमार ठाकुर ने बताया कि एसडीपीओ ने पूरे मामले की जानकारी ली और नये अनुसंधान पदाधिकारी को जांच के लिए दिशानिर्देश किया। न्याय मंच ने उम्मीद जताई कि मामले का उद्भेदन हो जायेगा। प्रतिनिधिमंडल में झामुमो के महानगर उपाध्यक्ष रामू मंडल, अश्मित के पिता प्रफुल्ल स्वैन आदि थे।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर की बैठक

# स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी व भयमुक्त वातावरण में चुनाव सम्पन्न कराने को जिला प्रशासन प्रतिबद्ध

**आम चुनाव**

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद** : शुक्रवार 15 मार्च को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 की तैयारियों को लेकर सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने सभी कोषांग के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी से आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी कोषांग के पदाधिकारी अपने अपने कोषांग के कर्मियों के साथ बैठक कर कोषांग से संबंधित कार्यों एवं दायित्वों पर विशेष फोकस करें। ताकि चुनाव के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जल्द से जल्द मेडिकल कमेटी बनाने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही सभी कोषांग के पदाधिकारी को आदर्श आचार संहिता के दौरान की जाने वाली गतिविधियों की तैयारी करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा करने के उपरांत आदर्श आचार संहिता के अनुपालन हेतु अगले 24 घंटे, 48 घंटे और 72 घंटे के दौरान की जाने वाली कार्रवाइयों के बारे में जानकारी दी। वहीं, एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल से संबंधित पदाधिकारी को एफएसटी, एसएसटी, चेक नाका, इंटर स्टेट चेक नाका से संबंधित तैयारी, बेरिकेटिंग एवं टेंट आदि लगाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर की सुविधा हेतु भी व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया। एलओ के लिए गाड़ी, बॉडीगार्ड आदि मार्क करने हेतु भी संबंधित पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग द्वारा स्ट्रांग रूम, वेब कास्टिंग आदि को लेकर जारी दिशा निदेशों का जिले में अनुपालन सुनिश्चित कराने को लेकर संबंधित अधिकारियों को उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों को लेकर जारी दिशा निर्देशों को अच्छी तरह से समझ लेने एवं किसी तरह की कोई दुविधा होने पर त्वरित उसे दूर कर लेने का निर्देश दिया। आदर्श आचार संहिता के दौरान जनसभा एवं हेलीकॉप्टर आदि की अनुमति हेतु नोडल नियुक्त करने का दिशा निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी को सुविधा पोर्टल पर आवेदन कलेक्ट करने हेतु राजनीतिक पार्टी के लोग के साथ समन्वय स्थापित कर जानकारियां देने हेतु निर्देशित किया गया।



## चुनाव को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए अच्छे से लें हैंड्स ऑन ट्रेनिंग : उपायुक्त

**धनबाद** : आगामी लोक सभा निर्वाचन 2024 के आलोक में मतदान केंद्रों पर पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों के रूप में कार्य करनेवाले कर्मियों का जिलास्तरीय प्रथम चरण का प्रशिक्षण के दूसरे दिन शुक्रवार को एसएसएलएनटी महिला कॉलेज, पीके राय मेमोरियल कॉलेज तथा गुरुनानक कॉलेज में पीठासीन व मतदान पदाधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया। वहीं, उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा एवं नोडल पदाधिकारी संतोष गुप्ता ने एसएसएलएनटी महिला कॉलेज एवं पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज का दौरा किया और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटी रहित संपन्न कराने के लिए ईवीएम पर अच्छे से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने, मास्टर ट्रेनर द्वारा बताई गई हर बात का बारीकी से अध्ययन करने एवं उसका पालन करने का अनुरोध किया। साथ ही मशीन के एरर पर ध्यान देने और उसका निराकरण करना सीख लेने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों से कहा कि चुनाव के दन सुबह 5 बजे सारी प्रक्रिया और तैयारी पूरी कर 5:30 बजे मॉक पोल शुरू करे। इसके बाद सुबह 7 बजे मतदान शुरू कराये। इसके अलावा उन्होंने मतदाता से लेने वाले पहचान पत्र, बोगस वोटिंग रोकने के लिए भी दिशा निर्देश दिये।

## ब्रिटिश पार्लियामेंट भवन में 'नारी शक्ति वंदन का अभिनंदन' का विमोचन

- धनबाद में इस पुस्तक का विधायक राज सिन्हा ने अपने कार्यालय में किया डिजिटल लोकार्पण



**विमोचन**

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद** : प्रीति पूजा की पुस्तक 'नारी शक्ति वंदन का अभिनंदन' का विमोचन लंदन स्थित ब्रिटिश पार्लियामेंट भवन में 12 मार्च को किया गया। सांसद पदमश्री बॉब ब्लैकमन के हाथों यह विमोचन हुआ। संपूर्ण विश्व की भारतीय मूल की महिलाएं तथा ब्रिटेन के अनेक गणमान्य मौके पर उपस्थित थे। इस पुस्तक का डिजिटल लोकार्पण धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने अपने कार्यालय में गत दिनों किया गया। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष श्रवण राय भी उपस्थित थे। मौके पर अपने संबोधन में विधायक राज सिन्हा ने कहा की धनबाद की बेटी प्रीति पूजा ने धनबाद को विश्व स्तर पर नई पहचान दिलाई है। इससे धनबाद का गर्व बढ़ेगा और यह भी बुद्धिजीवियों का शहर कहा। प्रीति पूजा ने अपने प्रेषित वीडियो में स्पष्ट रूप से बताया है की संपूर्ण विश्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारी शक्ति वंदन निर्णय की प्रशंसा कर रहा है। इस पुस्तक में देश एवं विदेश के गणमान्य के साथ-साथ धनबाद के भी गणमान्य लोग शामिल हुए मसलन आईसीए अध्यक्ष बीएन सिंह, शिक्षाविद डॉ. आरएन. चौबे उद्योगपति कुमार हर्ष एवं राजेश सिंह, डॉ. राज भूषण, भाजपा नेता संजय झा, मनोज मालाकार तथा मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष कृष्ण अग्रवाल के लेख संकलित, प्रीति पूजा ने बताया कि ब्रिटिश पार्लियामेंट के भवन में विमोचन के मौके पर सांसद बॉब ब्लैकमान सांसद जोनाधन लॉर्ड, लॉर्ड ब्रेनान, सांसद एलियट कोलबर्न आदि गणमान्य उपस्थित थे।

### डीसी के निर्देश पर खनन विभाग ने छापेमारी कर अवैध बालू लदे 04 ट्रैक्टर किये जब्त

**धनबाद** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में कोयला, बालू सहित अन्य खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जिला खनन टास्क फोर्स ने जिला खनन पदाधिकारी मिहिर सालकर के निदेशांनुसार कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदे 4 ट्रैक्टर को जब्त किया। छापेमारी दल का नेतृत्व कर रहे खान निरीक्षक विनोद प्रमाणिक ने बताया कि शुक्रवार की सुबह गोल बिल्डींग के पास औचक छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में बालू लदे 4 ट्रैक्टरों को पकड़ा गया। छापेमारी टीम को देखते ही वाहन चालक वाहनों को वहीं छोड़कर फरार हो गये। उन्होंने बताया कि गुप्त रूप से स्थानीय पुछताछ के क्रम में पाया गया कि उक्त चारों बालू लदे ट्रैक्टर पूर्वी टुंडी के बराकर नदी से लाया गया है।

## हैवी ब्लास्टिंग से कई घरों में पड़ीं दरारें, लोगों में भारी आक्रोश



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**अलकडीहा (धनबाद)** : जयरामपुर में संचालित आउटसोर्सिंग परियोजना से गुरुवार की दोपहर में हैवी ब्लास्टिंग होने से पत्थर उड़कर जयरामपुर 4 नंबर और तीन नंबर के कई घरों पर पत्थर गिरे, साथ ही कई घरों में दरारें आ गई।घटना होते ही ग्रामीण जुट गए और परियोजना का काम बंद करा दिया। करीब शाम तक काम बंद था। ग्रामीण क्षतिपूर्ति करने की मांग कर रहे थे। बताते हैं कि गुरुवार की दोपहर बाद जयरामपुर तीन नंबर और चार नंबर चानक के समीप संचालित आउटसोर्सिंग परियोजना में हैवी ब्लास्टिंग हुई। ब्लास्टिंग होते ही पूरा इलाका थर्रा गया। चार नंबर और तीन नंबर चानक के समीप रहने वाले लोगों के कई घरों में दरारें आ गई। ब्लास्टिंग होते ही लोग अपने घरो से बाहर निकल गये। ग्रामीणों ने आउटसोर्सिंग प्रबंधक पर आरोप लगाते हुए कहा के आए दिन हैवी ब्लास्टिंग होता रहता है, कई बार विरोध किया गया लेकिन प्रबंधन कोई ध्यान नहीं दे रहा है आज तो हद हो गई, इसलिए प्रबंधन पहले यहां के लोगों को सुरक्षित जगह विस्थापन करें, उसके बाद ही ब्लास्टिंग करने का काम किया जाये।

## पहली रोटी गाय माता की अभियान का 1000 वां दिन आज

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**झरिया (धनबाद)** : पहली रोटी गाय की अभियान शनिवार को 1000 दिन पूरा हो जायेगा, श्री झरिया धनबाद गौशाला में युवा समाजसेवी अनिल खेमका ने इस अभियान की शुरूआत की थी। हर्ष की बात है की 16 मार्च 2024 को इस अभियान का 1000 वां दिन पूरा होगा। गौ माता भारतीय सनातन संस्कृति के महत्वपूर्ण हिस्सा है भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार रही है आज भी ग्रामीण भारत में कृषि अर्थव्यवस्था पूरी तरह गाय माता एवं गौ वंशजों से जुड़ी हुई है, देश भर में जारी श्वेत क्रांति में गौ माता की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्राचीन काल से ही हम अपने घरों में बनने वाले भोजन का पहला हिस्सा यानी पहली रोटी गौ माता के लिए निकलते रहे हैं लेकिन पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर लोग इस अभियान को भूल गये, शहरीकरण का भी इसमें बहुत बड़ा हाथ रहा है। घर-घर में पालने वाली गौ माता अब गांव में तो मिल जाती है पर शहर में किसी-किसी के यहां ही गौ माता का पालन होता है। इसके पीछे कारण चाहे जो भी हो हम गौर संस्कृति को भूलते जा रहे हैं ऐसे में एक बहुत ही सुंदर अभियान की शुरूआत आज से 1000 दिन पहले युवा व्यवसाय अनिल खेमका ने की थी, शुरू शुरू में तो ऐसा लगा जैसे कुछ एक दिन चलकर यह अभियान बंद हो जायेगा पर ऐसा नहीं हुआ। बस्ताकोला स्थित श्री झरिया धनबाद गौशाला से शुरू हुआ यह अभियान न केवल धनबाद बल्कि गिरिडीह बोकारो रांची बिहार के विभिन्न हिस्से बंगाल और देश के विभिन्न हिस्सों में बसे कोयलांचलवासी इससे जुड़ गये।

## अमेरिका के मोसीस डेब सेंटर द्वारा आयोजित चार दिवसीय ऑनलाइन बूट कैम्प शुरू

**सिन्दरी (धनबाद)** : अमेरिका के मोसीस डेब सेंटर द्वारा आयोजित चार दिवसीय आनलाइन बूट कैंप शुरू हो गया है। बूट कैंप 18 मार्च तक चलेगा। इस कैंप में सिंदरी के छात्र सह भाजपा आईटी विभाग के प्रदेश संयोजक अमर झा प्रतिभागियों को जीवन में सफलता के टिप्स दे रहे हैं, अमेरिका और भारत के कई थिंकर इस विस्तारित कार्यशाला में गूगल मीट के आनलाइन प्लेटफार्म पर शिरकत करेंगें। अमर झा ने बताया कि बूट कैंप में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को काम के साथ साथ साफ्ट स्किल का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा, इनमें से अधिकांश प्रतिभागी समाज के कमजोर वर्ग से आते हैं। उन्हे जपला बिहार के आनंद पांडेय (अमेरिकी नागरिक) द्वारा आईटी के क्षेत्र में विभिन्न प्रोग्रामों के लिए प्रशिक्षित किया जायेगा। सिंदरी के अमर झा जिन्होने आईआईटी और एक्स एल आरआई जमशेदपुर से पढ़ाई की है, जो भाजपा के आईटी सेल के प्रदेश संयोजक हैं।

## हर स्टूडेंट का सपना होगा साकार, आकाश ने की विभिन्न स्कॉलरशिप की घोषणा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद** : परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने अप्रैल 2024 में शुरू होने वाले अपने नए सत्र की शुरूआत से पहले छात्रों को डॉक्टर और इंजीनियर बनने के सपने को साकार करने में सक्षम बनाने के लिए अलग-अलग स्कॉलरशिप की घोषणा शुक्रवार को सरायढेला रोड स्थित आकाश मेडिकल आईआईटी जेइइ फाउंडेशन इंस्टिट्यूट के सभागार में प्रेस वार्ता कर की। पहली छात्रवृत्ति इंस्टेंट एडमिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट (आईएसीएसटी) है, जो मेडिकल, इंजीनियरिंग और फाउंडेशन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के



लिए 90% तक छात्रवृत्ति प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, आकाश शहीदों के बच्चों, रक्षा कर्मियों और आतंकवाद प्रभावित व्यक्तियों को विशेष छूट प्रदान करेगा। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के चीफ बिजनेस ऑफिसर अनूप अग्रवाल ने कहा, ₹हम भारत भर में छात्रों के लिए सुलभ और प्रभावशाली शैक्षिक अवसर प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। आईएसीएसटी और हमारे छात्रवृत्ति कार्यक्रमों जैसी पहल के माध्यम से, हमारा लक्ष्य योग्य छात्रों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करने के लिए सशक्त बनाना है। आठवीं से बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए आईएसीएसटी चिकित्सा या इंजीनियरिंग में करियर के लिए अपनी क्षमता दिखाने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। आईएसीएसटी के माध्यम से प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्तियां मेडिकल, इंजीनियरिंग और फाउंडेशन कक्षा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए लागू होती हैं।

आकाश शहीदों के बच्चों को ट्यूशन फीस में 100% तक की छूट प्रदान करेगा। इसी प्रकार, रक्षा कर्मियों और आतंकवाद प्रभावित व्यक्तियों के बच्चों को उनके आईएसीएसटी स्कोर के अलावा 10% की अतिरिक्त छूट दी जाएगी।2014 से अब तक इस पहल से 75,000 से अधिक छात्र लाभान्वित हुए हैं।आकाश ने हाल ही में जेईई मेन्स 2024 सेशन 1 में अपनी सफलता का जश्न मनाया, जहां 41,263 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। नीट यूजी परीक्षा 2023 में, आकाश के प्रभावशाली 1,06,870 छात्र उत्तीर्ण हुए, जिनमें से 17 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के टॉपर्स के रूप में उभरे।

## प्रज्ञेश्वर महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ धूमधाम से सम्पन्न

**महायज्ञ**

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**झरिया (धनबाद)** : गायत्री शक्तिपीठ बस्ताकोला में शुक्रवार को श्री प्रज्ञेश्वर महादेव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का द्वितीय वर्ष गांठ उत्सव धुमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसके साथ ही आयोजित पांच कुंडिय गायत्री महायज्ञ में सैकड़ों लोग शामिल हुए। वहीं, कार्यक्रम में भाजपा नेत्री रागिनी सिंह अपने समर्थकों के साथ बस्ताकोला गायत्री मंदिर पहुंची। जहां इन्होंने पूजा कर माथा टेका, और समस्त कोयलांचल वासीयों के सुख समृद्धि की



कामना की। मौके पर मनोज गोप, पप्पू पासवान, रामदेव शर्मा, बापी बाउरी, राजू दास, रंजीत दास सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थें। कार्यक्रम में उपस्थित अभयानंद पाठक, प्रदीप सिंह, जया सिंह, संजय शर्मा, उपजोन प्रभारी लखन लाल प्रजापति, विभूति शरण सिंह, बिनोद पटेल, मधुरेंदर सिंह, महेश गुप्ता, महेश सोनी, भगवान दास केशरी, ए के गौतम, ममता सिंह, नमिता विश्वकर्मा, जय श्री विश्वकर्मा, सुमन भिंडे, संतोष पाठक, हरेश चंद्र मिश्रा, शिवपूजन सिंह, ब्रह्मदेव बर्नवाल व भूपेन्द्र शर्मा एवं अन्य इस कार्यक्रम के अंत में आरती वंदन के साथ साथ शांति पाठ किया गया। जिला मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र शर्मा ने कहा कि जिला स्तरीय गोष्ठी क्षेत्रीय कार्यकर्ता सम्मान समारोह शांतिकुंज के टोली के निर्देशन में शक्तिपीठ बस्ताकोला में रखा गया साथ ही साथ 17 मार्च को झरिया 24 कुंडिय गायत्री महायज्ञ का भूमिपूजन श्याम मंदिर के प्रांगण व 18 मार्च को ड्राइवर कांलोनी पाथरडीह मे भी गायत्री महायज्ञ के संदर्भ में विचार मंथन किया जायेगा।

## मासस कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया अरूप चटर्जी का 51वां जन्मदिन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**निरसा (धनबाद)** : एमपीएल कामगार यूनियन के सदस्यों एवं मासस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को निरसा के पूर्वविधायक अरूप चटर्जी की 51वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। पूर्व विधायक अरूप चटर्जी को फूल के गुलदस्ते एवं माला पहनाकर शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी एवं उनकी धर्मपत्नी अनिंदिता चटर्जी ने केक खिलाकर मंगलमय जीवन की कामना की। वहीं, निरसा गुरुदास भवन पार्टी कार्यालय में भी शुक्रवार को कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने पूर्व विधायक श्री चटर्जी को शुभकामनाएं दी। श्री चटर्जी के लिए 15 मार्च का दिन उनके जीवन का खास दिन है क्योंकि आज से 51 साल पहले 1973 को 15 मार्च के दिन ही अरूप चटर्जी का जन्म हुआ था। मार्च 1990 को उन्होंने



माध्यमिक की परीक्षा पास किये तथा मार्च 1990 को ही उनके पिता सह पूर्व विधायक शहीद गुरुदास चटर्जी पहली बार निरसा के विधायक बने थे। आज का यह दिन उनके पूरे परिवार के लिए खास दिन है। पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने भी सभी लोगों को आभार व्यक्त करते हुए कहा की निरसा के सभी जनता के वे आभारी है और सदैव तत्परता के संग खड़े हैं, इसलिए आज का यह दिन उनके पूरे परिवार के लिए खास दिन है। मौके पर एमपीएल कामगार यूनियन की ओर से प्रभु सिंह, मनोज मंडल, शमीम अथर, बंकिम दास आनंद महतो छोटन गोराई बापीन घोष, मनोज सिंह, कृष्णा रजक संतु मिश्रा, रामदेव चौरसिया कुंज बिहारी मिश्रा, दिनेश सिंह मन्नू सिंह, हराधन बाउरी, भोलानाथ चटर्जी, विधान मंडल हरिप्रसाद, कार्तिक घोष, जयंतो घोष, चंदन घोष, बास्की नाथ रविदास, सूरज रविदास, आशा देवी, अंजू चटर्जी, मोनिका मंडल, अमित सिंह, राजू लोहार, जयदेव, संजय दीपू, हर हर आर्य, पहलाद दिगंबर तिवारी, निमाई दीपक, ओम प्रकाश, संजीत, संतोष आदि उपस्थित थे।

## कदाचार मुक्त, पारदर्शी व स्वच्छ तरीके से सम्पन्न कराये परीक्षा : उपायुक्त

**प्रतियोगिता परीक्षा**

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद** : आगामी 17 मार्च को होने वाली झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के सफल संचालन को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने न्यू टाउन हॉल में सभी जोनल मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, फ्लाइंग स्क्वाड व सेंटर सुपरिटेंडेंट, पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा को कदाचार मुक्त, पारदर्शी व स्वच्छ तरीके से संपन्न कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने परीक्षा से पहले जोनल मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व फ्लाइंग स्क्वाड को सेंटर



का सटीक लोकेशन की जानकारी प्राप्त कर उसका भौतिक सत्यापन करने, केंद्र में पानी, पर्याप्त रोशनी व पावर बैकअप इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थी को आइडेंटिटी कार्ड, पेन या पेंसिल, मास्क, सैनिटाइजर के अलावा किसी प्रकार का कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस इत्यादि ले जाने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। यह सुनिश्चित करने के लिए सभी परीक्षार्थियों की अच्छे से जांच करेंगे। परीक्षा केंद्र में बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों के सामान रखने की भी व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। वहीं उपायुक्त ने कहा कि यदि कोई परीक्षार्थी कदाचार करते पकड़े जाएं तो उस पर कड़ी कार्रवाई भी करनी है। इसके अलावा उन्होंने ट्रैफिक डीएसपी को परीक्षा के दिन सुगम यातायात व्यवस्था करने का निर्देश दिया जिससे परीक्षार्थी समय पर अपने-अपने सेंटर पर पहुंच सके। उन्होंने सेंटर सुपरिंटेंडेंट को सतर्क रहने और परीक्षा हॉल के अंदर मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने, जोनल मजिस्ट्रेट को स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं फ्लाइंग स्क्वॉड के साथ समन्वय रखने का निर्देश दिया। कहा कि किसी भी स्तर से कोई चूक नहीं होनी चाहिए। झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा परीक्षा संचालन को लेकर जारी मार्ग-निर्देशिका का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कपिल चौधरी ने कहा कि परीक्षा के दिन पर्याप्त संख्या में पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया है। सभी अपने दायित्वों का सही ढंग से निष्पादन करें। किसी भी स्तर से कोई लापरवाही नहीं बरतनी है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता विनोद कुमार एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी सुश्री निशु कुमारी ने परीक्षा को लेकर विस्तृत गाइड लाइन से सभी को अवगत कराया। किसी भी तरह की कोई समस्या होने पर अविलंब जिला नियंत्रण कक्ष में सूचित करने का निर्देश दिया।

## द्विपक्षीय सुरक्षा समिति सभा की बैठक बस्ताकोला ऑफिसर्स क्लब में सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**झरिया (धनबाद)** : बस्ताकोला ऑफिसर्स क्लब मे शुक्रवार द्विपक्षीय सुरक्षा समिति सभा की बैठक हुई। बैठक में कोयला खदान के सुरक्षा सहित अन्य मानकों पर चर्चा हुई। इसमें यूनियन सेफ्टी बोर्ड, आईएसओ एवं बीसीसीएल अधिकारियों की उपस्थिति में सुरक्षा मानकों को दुरुस्त रखने पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ बस्ताकोला महाप्रबंधक जेसी राय की अध्यक्षता में संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रगान के उपरांत सुरक्षा का शपथ लिया गया।वहीं कार्य के दौरान दुर्घटना में जान गंवाने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों के याद में दो मिनट का रखा गया। बैठक में यूनियन की ओर से सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों ने परियोजना लोडिंग पॉइंट पर डस्ट स्प्रे को नियम पूर्वक करने, सुरक्षा जैकेट, परियोजना एवं ट्रांसपोर्टिंग मार्ग पर लाइटिंग वाहनों के रखरखाव पर विशेष जोर देने की बात कही गई। वहीं, डीजल फीलिंग का वाहनों के नियम पूर्वक लाइसेंस रखने की बात कही गई। इस दौरान बस्ताकोला ओसीपी, राजापुर एवं कुइयां कोलियरी के अधिकारियों ने निरीक्षण किया। मौके पर आइएसओ के संजय तालमले, डीके श्रीवास्तव, ज्ञानेश्वर साह सेफ्टी बोर्ड के अरविंद सिंह, आरपी सिंह, एम पाल, उमेश सिंह, छोटू राम, आरके तिवारी थे।

## एक झलक

### पीठ की सर्जरी के बाद वापसी के लिए तैयार राशिद खान

**नयी दिल्ली :** राशिद खान को आयरलैंड के खिलाफ आगामी टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए अफगानिस्तान की टीम में नामित किया गया है, जिसका अर्थ है कि वह अब पीठ की चोट और उसके बाद की सर्जरी से पूरी तरह से उबर चुके हैं, जिसने उन्हें 2023 विश्व कप के बाद से एक्शन से बाहर रखा है। राशिद चोट के कारण बिग बैश लीग, एसए20 और संयुक्त अरब अमीरात, भारत, श्रीलंका के खिलाफ अफगानिस्तान के मैचों और अब आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट और वनडे मैचों में हिस्सा नहीं ले पाए थे। उन्होंने जनवरी में टीम के साथ भारत की यात्रा की थी, लेकिन उस समय जाना उनके लिए ठीक नहीं था। राशिद वनडे विश्व कप में 11 विकेट लेकर अफगानिस्तान के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे।

### राशिद और मुजीब की अफगानिस्तान टीम में वापसी

**काबुल :** आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए अफगानिस्तान टीम की घोषणा कर दी गयी है। इसी सीरीज के लिए ऑलराउंडर राशिद खान की वापसी हुई है। राशिद चोटिल होने के कारण पिछले कुछ समय से टीम से बाहर चल रहे थे। वह फिट नहीं होने के कारण ही भारत, श्रीलंका, यूएई और अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के अलावा आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट और एकदिवसीय में भी नहीं खेल पाए थे। चोट के कारण ही वह बिग बैश लीग और एसए20 जैसे प्रमुख टूर्नामेंटों से भी बाहर रहे थे। वहीं मुजीब उर रहमान भी फिट नहीं होने के कारण टीम से बाहर थे। टीम के एक खिलाड़ी इब्राहिम जादरान ने कहा कि राशिद अभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुआ है पर वह टीम के साथ यात्रा करेगा। जादरान ने कहा, वह पूरी तरह से फिट नहीं है पर टीम के साथ यात्रा कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि वह जल्द से जल्द ठीक हो जाएंगे। वह अभी रिहैब के दौर से गुजर रहे हैं।

### केकेआर के मेंटोर गम्भीर का कोलकाता पहुंचने पर भव्य स्वागत

**कोलकाता :** आईपीएल के लिए यहां पहुंचे कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटर गौतम गंभीर का यहां पहुंचने पर प्रशंसकों ने शानदार स्वागत किया। इसका एक वीडियो भी केकेआर ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसमें टीम प्रबंधन के साथ गंभीर को दिखाया गया है। इसमें लिखा गया है, केकेआर के बॉस 7 लंबे साल के बाद एक विजेता के तौर पर कोलकाता में वापस आये हैं। गौरतलब है कि गंभीर साल 2011 से ही केकेआर के साथ बने हुए हैं। टीम को बेहतर बनाने में उनका अहम योगदान रहा है। उनके कप्तानी में केकेआर ने साल 2012 और 2014 में खिताब जीते थे। गंभीर ने साल 2018 में केकेआर को छोड़ दिया था। उसी साल पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेने से पहले वह एक सत्र में उस समय की टीम दिल्ली डेयरडेविल्स से खेले थे। गंभीर के जाने के बाद से ही केकेआर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी है। साल 2021 में टीम इयोन मोर्गन के नेतृत्व में फाइनल में पहुंची थी पर यहां उसे हार का सामना करना पड़ा था। वहीं पिछले 2 सत्र से टीम प्लेऑफ में भी नहीं पहुंच पायी थी। अब देखना है इस बार गंभीर के मार्गदर्शन में टीम कितनी सफल होती है।

### डब्ल्यूपीएल में शानदार प्रदर्शन कर रही दीप्ति

**नयी दिल्ली :** ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा आजकल महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) क्रिकेट में धूम मचा रही है। यूपी वॉरियर्स की ओर से खेल रहीं दीप्ति ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हैट्रिक लेकर डब्ल्यूपीएल में यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनने का रिकार्ड अपने नाम किया था। वहीं गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में दीप्ति ने 60 गेंदों पर 9 चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 88 रनों की पारी खेलकर टीम को जीत दिला दी। इस मैच में उन्होंने 22 रन देकर दो विकेट भी लिए थे।

### डब्ल्यूएसपीएस विश्व कप का समापन

# 16 पदकों के साथ भारत को तीसरा स्थान




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** खेल उत्कृष्टता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और हार्दिक आतिथ्य की विरासत को पीछे छोड़ते हुए गुरुवार को उल्लेखनीय नई दिल्ली 2024 डब्ल्यूएसपीएस विश्व कप का समापन हो गया है। सौहार्दपूर्ण माहौल और उत्साहपूर्ण प्रतिस्पर्धा के बीच भारत ने कुल 16 पदक जीतकर पदक तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया। रुद्रांश खंडेलवाल और मोना अग्रवाल अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन से भारतीय शूटिंग दल का नेतृत्व किया। रुद्रांश ने 4 पदक और मोना ने व्यक्तिगत स्वर्ण के साथ-साथ पेरिस पैरालिंपिक के लिए कोटा हासिल किया। पदक तालिका में चीन का दबदबा रहा। चीन ने 11 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य के साथ कुल 17 पदक जीते। फ्रांस ने 5 पदकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया जिसमें 3 स्वर्ण और 2 रजत शामिल हैं। वहीं, भारत ने 2 स्वर्ण, 8 रजत और 6 कांस्य के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। 46 देशों के एथलीट, जिनमें लगभग 500 प्रतिभागी शामिल थे, नई दिल्ली में एकत्रित हुए, जिससे यह भारत का अब तक का सबसे भव्य पैरा आयोजन बन गया। टूनार्मेंट की शानदार सफलता पर टूनार्मेंट निदेशक, जय प्रकाश नौटियाल ने एक आधिकारिक बयान में कहा, एक टूनार्मेंट निदेशक के रूप में, प्रतिभागियों से जबरदस्त प्रतिक्रिया देखना वास्तव में संतुष्टिदायक रहा है। शुरू से ही, कार्य कठिन लग रहा था, लेकिन एक विश्व स्तरीय टूनार्मेंट के भव्य आयोजन के लिए हमारे सामूहिक प्रयास सफल रहे। हालाँकि, नौटियाल ने पेरिस पैरालंपिक कोटा हासिल करने में कमी पर अफसोस जताते हुए कहा, ₹हमारी उपलब्धियों का जश्न मनाते समय, सुधार के क्षेत्रों को स्वीकार करना अनिवार्य है। तथ्य यह है कि अब तक केवल 9 टीम कोटा हासिल किया गया है, यह एक गंभीर अहसास है। हमें अच्छे के लिए और प्रयास करना चाहिए। खेल उत्साह के बीच, भारतीय आतिथ्य और सांस्कृतिक समृद्धि के सार ने दुनिया भर के प्रतिभागियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्थानीय आयोजन समिति की अध्यक्ष दीपा मलिक ने जोर देकर कहा, ₹पदकों और प्रशंसाओं से परे, नई दिल्ली 2024 डब्ल्यूएसपीएस विश्व कप ने भारत की गर्मजोशी और विविधता को प्रदर्शित किया है। हमारी समृद्ध संस्कृति, स्वादिष्ट व्यंजन और ताज महल जैसे प्रतिष्ठित स्थलों ने यहां आने वाले सभी लोगों पर अमिट छाप छोड़ी है। न्यूजीलैंड के एक राइफल शूटर माइकल जॉनसन ने कहा, भारत आने से पहले मेरे मन में आशंकाएं थीं, लेकिन अनुभव सभी उम्मीदों से बढ़कर था। खेल की स्थिति त्रुटिहीन थी, मौसम सुहावना था, और व्यंजन उत्तम थे। ताज महल को देखना वास्तव में एक सपने के सच होने जैसा था। नई दिल्ली 2024 डब्ल्यूएसपीएस विश्व कप ने न केवल खेल कौशल का जश्न मनाया है, बल्कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान और आपसी प्रशंसा के लिए एक मंच के रूप में भी काम किया है। ऐसे विशाल आयोजन की मेजबानी करने की भारत की क्षमता एक वैश्विक खेल शक्ति और समावेशिता के प्रतीक के रूप में इसके उद्भव को रेखांकित करती है। नई दिल्ली 2024 डब्ल्यूएसपीएस विश्व कप, पैरा स्पोर्ट्स में समावेशिता और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। खेल के मैदान से परे, इस आयोजन ने भारत की समृद्ध विरासत और आतिथ्य को प्रदर्शित करते हुए सांस्कृतिक आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान की है। 46 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों की भागीदारी के साथ, इस आयोजन ने वैश्विक खेल परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी है, जो एकता और सौहार्द की भावना का प्रतीक है।

## शेफील्ड शील्ड फाइनल के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेंगे मैथ्यू वेड



एजेंसी

**होबार्ट :** पूर्व टेस्ट विकेटकीपर मैथ्यू वेड तस्मानिया के लिए शेफील्ड शील्ड फाइनल खेलने के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। 36 वर्षीय वेड ने घोषणा की है कि पर्थ में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाला खिताबी निर्णायक मैच उनका 166वां और अंतिम प्रथम श्रेणी मैच होगा। वेड ने शेफील्ड शील्ड फाइनल के लिए उपलब्ध होने के लिए आईपीएल में अपने आगमन में देरी करने का विकल्प चुना। वह सफेद गेंद वाला क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे और जून में उनके टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम का हिस्सा होने की संभावना है। होबार्ट में जन्मे वेड ने विक्टोरिया के साथ चार शील्ड खिताब जीते हैं, जिनमें से दो कप्तान के रूप में शामिल हैं। वेड ने होबार्ट में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, सबसे पहले, मैं अपने परिवार, अपनी पत्नी जूलिया और बच्चों विंटर, गोल्डी और ड्यूक को उन बलिदानों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं जो उन्होंने मेरे करियर के दौरान दिए हैं, क्योंकि मैंने एक रेड बॉल क्रिकेटर के रूप में ऑस्ट्रेलिया और दुनिया की यात्रा की। मैंने लंबे प्रारूप के खेल से मिलने वाली चुनौतियों का पूरा आनंद लिया है, और हालांकि मैं सफेद गेंद वाला क्रिकेट खेलना जारी रखूंगा।

### वॉन ने मजाकिया अंदाज में ऋषभ से कहा

## आप सोशल मीडिया पर ज्यादा ही दे रहे ध्यान



एजेंसी

**लंदन :** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने आईपीएल से वापसी करने जा रहे भारतीय टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत से मजाकिया लहजे में कहा कि आप सोशल मीडिया पर कुछ ज्यादा ही ध्यान दे रहे हैं। माना जा रहा है कि वॉन ने ऋषभ के सोशल मीडिया पर जारी विडियो को लेकर ये बात कही होगी। वहीं वॉन ने जब ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाने वाली इंग्लैंड टीम के लिए उनकी सलाह मांगी तो इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने अपने अनुभव के आधार पर कहा कि एक बल्लेबाज के रूप में मैं कहूंगा कि गेंद को पंच करने के बजाय उसे कट करने पर अधिक ध्यान दें क्योंकि ऑस्ट्रेलिया कट और पुल करने के लिए सबसे अच्छी जगह है। इसके अलावा, आपको गेंदबाजी विभाग में अतिरिक्त गति की आवश्यकता रहेगीहै। ऑस्ट्रेलिया में सामना करने के लिए 130 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आती गेंद भी सर्वश्रेष्ठ है अगर गेंद इधर-उधर घूम रही है तो भी। मुझे लगता है कि इससे गति होने से काफी प्रभाव पड़ता है। पहले उम्मीद थी कि ऋषभ इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में वापसी कर लेंगे पर बाद में ऐसा संभव हो नहीं पाया। पंत की अनुपस्थिति में टीम इंडिया में यशस्वी जयसवाल, सरफराज खान और ध्रुव जुरेल जैसे युवाओं को प्रवेश मिला और इन सभी ने शानदार प्रदर्शन किया। इसपर ऋषभ ने कहा कि समय के साथ, नए लोग टीम में आते हैं और हर बार आप उन्हें प्रदर्शन करते हुए नहीं देख सकते हैं पर जब वे ऐसा करते हैं तो यह महत्वपूर्ण है कि वे अपना सिर नीचे रखें और बहुत अधिक न सोचें।

## फीफा ने फुटबॉल विकास में निवेश बढ़ा कर किया 2.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर




एजेंसी

**जिनेवा :** फीफा परिषद ने सर्वसम्मति से वार्षिक रिपोर्ट 2023 को मंजूरी दे दी और फुटबॉल विकास में निवेश को 2.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ा दिया है। विश्व फुटबॉल शासी निकाय ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। फीफा ने पुष्टि की कि 2023-2026 चक्र का बजट 2016 से पहले विकास कार्यक्रमों में निवेश से लगभग सात गुना अधिक है। वार्षिक रिपोर्ट को अंतिम अनुमोदन के लिए 17 मई, 2024 को बैंकॉक, थाईलैंड में 74वीं फीफा कांग्रेस में प्रस्तुत किया जाएगा। कांग्रेस, बैंकॉक में 2027 फीफा महिला विश्व कप के मेजबान पर मतदान करेगी। बता दें कि फीफा महिला विश्व कप 2027 की मेजबानी के लिए ब्राजील, बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड (संयुक्त बोली), मैक्सिको और संयुक्त राज्य अमेरिका (संयुक्त बोली) रेस में हैं। इसके अलावा, फीफा परिषद ने फुटबॉल में नस्लवाद से लड़ने के फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैनटिनो के आह्वान का भी समर्थन किया।

### दो दिवसीय ओपन ऑल कोबुडो राष्ट्रीय शिविर का शुभारम्भ

## कई राज्यों के खिलाड़ी ले रहे हिस्सा

- शिविर के बाद उत्तर प्रदेश ओपन नेशनल कोबुडो चैम्पियनशिप का किया जायेगा आयोजन




एजेंसी

**वाराणसी :** कोबुडो इण्डियन एसोसिएशन द्वारा काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के डॉ विभुति नारायन इंडोर स्टेडियम में शुक्रवार को दो दिवसीय (15-16 मार्च) राष्ट्रीय शिविर का शुभारम्भ किया गया। इस शिविर में प्रशिक्षण क्योशी परमजीत सिंह द्वारा दिया जा रहा है। क्योशी परमजीत सिंह ने बताया इस शिविर में भिन्न-भिन्न प्रकार उपकरण जैसे नान चक, तोनफा, स्टिक, साई आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि अब तक भारत में इस मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण कुछ लोग करते आए हैं पर अभी तक इसका प्रचार-प्रसार पर्याप्त तरीके से नहीं हो पाया है, इस शिविर के माध्यम से इस कला को भारत में पहली बार खेल के साथ-साथ आत्मरक्षा के (कुमिते) रूप में भी प्रचारित किया जायेगा। इसी कार्यक्रम में 16 मार्च को सायं 5 बजे से रेफरी सेमिनार का आयोजन भी किया जा रहा है जिसमें इस खेल के नियमों की जानकारी दी जायेगी। कोबुडो एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव अरविन्द कुमार ने बताया कि भारत के इस प्रथम शिविर का शुभारम्भ संस्कार और सभ्यता की प्राचीन नगरी काशी से किया जा रहा है।

### एक समय कैटरर का भी काम करते थे सिराज

**हैदराबाद :** टीम इंडिया के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज एक समय क्रिकेट छोड़ने पर विचार कर रहे थे। इस क्रिकेटर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने से पहले वह अपने लिए कुछ अच्छा करने के लिए साल 2019-20 में क्रिकेट छोड़ने की योजना बना रहे थे। एक वीडियो में सिराज प्रशंसकों को अपने गृहनगर हैदराबाद के दौरे पर ले गए। इस क्रिकेटर ने साथ ही कहा कि वह अपने पिता का समर्थन करने के लिए कैटरर के रूप में काम करते थे। उनके पिता एक ऑटोरिक्शा चलाते थे और परिवार उसी से चलता था। साथ ही कहा कि एक बार रुमाली रोटी को पलटने की कोशिश में उनके हाथ जल जाते थे। उन्होंने कहा, मैं कैटरिंग का काम करने जाता था। मेरे घर वाले कहते थे कि बेटा पढ़ाई कर लो।

## आर्चर फिट हुए, तो टी20 विश्व कप खेलेंगे : ईसीबी



एजेंसी

**लंदन :** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अनुसार रहस्यमयी तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर फिट होने पर इस साल जून में होने वाले टी20 विश्व कप से खेलेंगे। आर्चर कोहनी की चोट के कारण पिछले काफी समय से खेल से दूर हैं पर उनके इस टूर्नामेंट तक फिट होने की उम्मीदें हैं। इस तेज गेंदबाज ने इंग्लैंड की 2019 में एकदिवसीय विश्व कप में जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वह पिछले साल मई से ही पेशेवर क्रिकेट नहीं खेल पाये हैं। आर्चर अपनी घातक गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं और उनके खेलने से मुकाबले में अंतर पैदा होता है। ऐसे में इंग्लैंड के जीतने की उम्मीदें बढ़ जाएंगी। दिसंबर में वेस्टइंडीज दौरे के समय उन्होंने सीमित ओवरों की टीम के साथ अभ्यास किया था पर वह खेल नहीं पाये थे। इंग्लैंड के क्रिकेट निदेशक रॉब की ने कहा, हमारी योजना उसे टी20 विश्व कप के लिए तैयार करना है। हम इसके लिए उसे धीरे-धीरे तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैंने उसे वेस्टइंडीज में गेंदबाजी करते हुए देखा था और वह इतनी अच्छी थी कि लग ही नहीं रहा था कि वह खेल से बाहर हो। मैं उसकी वापसी में कोई जल्दबाजी नहीं करना चाहता हूं। आर्चर फिट नहीं होने के कारण इस साल आईपीएल भी नहीं खेलेंगे क्योंकि वह अपनी फिटनेस को लेकर कोई खतरा मौल नहीं लेना चाहते हैं।

## विश्व कप से पहले तीन टी-20 मैचों के लिए अमेरिका का दौरा करेगा बांग्लादेश



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** टी20 विश्व कप से पहले बांग्लादेश मई में तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए अमेरिका का दौरा करेगा। दोनों पक्षों ने पहले कभी एक-दूसरे के खिलाफ टी20 मैच नहीं खेला है। बांग्लादेश इस श्रृंखला का उपयोग संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज द्वारा सह-मेजबानी किए जाने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारी के लिए करेगा। संयुक्त राज्य अमेरिका और बांग्लादेश के बीच तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला का पहला मैच 21 मई को खेला जाएगा, इसके बाद बाकी दो मैच क्रमशः 23 और 25 मई को खेले जाएंगे। अप्रैल में यूएसए पांच मैचों की टी20 सीरीज में कनाडा से भी खेलेगा। सभी खेलों की मेजबानी ह्यूस्टन, टेक्सास में प्रेयरी व्यू क्रिकेट कॉम्प्लेक्स द्वारा की जाएगी। बांग्लादेश ने अपने पूरे इतिहास में संयुक्त राज्य अमेरिका में दो टी-20 खेले हैं, दोनों 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ थे। विश्व कप 2024 के अपने पहले दो मैचों में बांग्लादेश की टीम श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका का सामना क्रमशः डलास और न्यूयॉर्क में करेगी, और इस श्रृंखला से उन्हें परिस्थितियों से अभ्यस्त होने में मदद मिलेगी।

## आईपीएल 2024 से बाहर हुए लुंगी एनगिडी


### रिप्लेसमेंट के तौर पर फ्रेजर-मैकगर्क दिल्ली की टीम में शामिल



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी पीठ की चोट के कारण 22 मार्च से शुरू होने वाले 2024 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर हो गए हैं। एनगिडी ने 14 आईपीएल मैच खेले हैं और उनके नाम 25 विकेट हैं। आईपीएल द्वारा शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा कि कैपिटल्स ने आगामी सीजन के लिए एनगिडी के प्रतिस्थापन के रूप में ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर जेक फ्रेजर-मैकगर्क को शामिल किया है। 22 वर्षीय फ्रेजर-मैकगर्क ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 2 एकदिवसीय मैच खेले हैं और फ्रेंचाइजी ने उन्हें 50 लाख रुपये के आरक्षित मूल्य पर अनुबंधित किया है। विशेष रूप से, जेक ने इस वर्ष डीसी की आईएलटी20 फ्रेंचाइजी, दुबई कैपिटल्स के लिए भी खेला है। वहीं, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा, तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी को दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के लिए रिलीज कर दिया है क्योंकि वह पीठ के निचले हिस्से की चोट से उबर रहे हैं।

## यूटीटी लीग में आठवें फ्रेंचाइजी के रूप में शामिल हुई महेश भूपति की एसजी स्पोर्ट्स एंटरटेनमेंट



एजेंसी

**मुंबई :** अहमदाबाद एसजी पाइपर्स को सीजन 2024 के लिए अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) लीग रोस्टर में आठवीं फ्रेंचाइजी नामित किया गया है। महेश भूपति की एसजी स्पोर्ट्स एंटरटेनमेंट (एसजीएसई) के स्वामित्व वाली इकाई अहमदाबाद शहर का प्रतिनिधित्व करेगी। यूटीटी के आयोजकों ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि कई ग्रैंड स्लैम चैंपियन महेश भूपति की कंपनी अहमदाबाद एसजी पाइपर्स पहले से ही शतरंज और टेनिस लीग का हिस्सा रही है, और अब यूटीटी के साथ अपने सहयोग के साथ भारतीय टेबल टेनिस के विकास में योगदान देगी। एसजीएसई के सीईओ महेश भूपति ने कहा, ₹अल्टीमेट टेबल टेनिस देश की प्रमुख टेबल टेनिस प्रतियोगिता है और वे विशिष्ट स्तर पर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों प्रतिभाओं का प्रदर्शन करने में सक्षम हैं। एसजीएसई में हम इस बात से उत्साहित हैं कि हमें खेल के विकास में भाग लेने का अवसर मिला है। मुझे यकीन है कि हमारी टीम - अहमदाबाद की उपस्थिति लीग के आगामी संस्करण को और अधिक प्रतिस्पर्धी और मनोरंजक बनाएगी।

## अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद हल्का महसूस कर रही हूं: मेग लैनिंग



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की कप्तान मेग लैनिंग ने डीसी पॉडकास्ट सीजन 4 के पहले एपिसोड के दौरान खुलकर बात की। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले पर कहा,₹यह निर्णय लेना आसान नहीं था, लेकिन मैंने जो निर्णय लिया है उससे मैं संतुष्ट हूं। जब आप ऑस्ट्रेलियाई कप्तान हों, तो आपको एक निश्चित तरीके से देखे जाने की आदत हो जाती है और ऐसा महसूस होता है कि आप अपनी सतर्कता में बहुत अधिक कमी नहीं कर सकतीं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद मैं निश्चित रूप से हल्का महसूस कर रही हूं। लैनिंग ने यह भी कहा कि वह अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कर्तव्यों को छोड़ने के बाद सोशल मीडिया पर अधिक सहज महसूस करती हैं, उन्होंने कहा, मैं अब सोशल मीडिया के आसपास थोड़ा अधिक सहज हूं। जब मैं ऑस्ट्रेलिया के लिए खेल रही थी तो मैं काफी सतर्क थी। दिल्ली कैपिटल्स के माहौल में आना वाकई अच्छा रहा, जहां सोशल मीडिया को थोड़ा अलग तरीके से देखा जाता है। डीसी में सोशल मीडिया टीम जो विचार लेकर आती है उसके पीछे बहुत सारे विचार हैं और मैंने उनमें से कुछ विचारों को अपनाने की कोशिश की है। दिल्ली कैपिटल्स कैंप के माहौल को लेकर कप्तान ने कहा, ₹कोई भी किसी से ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है और आप यह अंतर नहीं बता सकते कि कौन खेल रहा है और कौन नहीं खेल रहा है। हर कोई एक-दूसरे के साथ समय बिताना पसंद करता है और यही मैदान पर हमारे प्रदर्शन में तब्दील होता है। दिल्ली कैपिटल्स वास्तव में अच्छी तरह से चलने वाली फ्रेंचाइजी है। सात विश्व कप विजेता टीमों का हिस्सा रह चुकी इस दिग्गज खिलाड़ी ने भारत में अपने समय के दौरान कुछ स्थानीय स्थानों का दौरा करने के लिए भी समय निकाला है, उन्होंने कहा, ₹क्रिकेट मुझे कुछ अद्भुत स्थानों पर ले गया है जहां मैं पहले कभी नहीं गई थी। डब्ल्यूपीएल ने मुझे बाहर जाने और भारत में स्थानीय रूप से कुछ स्थानों को देखने का अच्छा अवसर दिया है। मैं ज्यादातर समय एक अच्छे कैफे की तलाश में रहती हूं और मुझे मुंबई और बेंगलुरु में कुछ अच्छे स्थान मिले भी हैं। मेग लैनिंग रविवार को लगातार दूसरे डब्ल्यूपीएल फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। फाइनल में दिल्ली फ्रेंचाइजी का मुकाबला मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच एलिमिनेटर मैच के विजेता से होगा।




लीवरकुसन में यूरोपा लीग फुटबॉल में खेलते हुए फुटबॉलर।

## एक झलक

### रमजान में खाना लेने पहुंचे फिलिस्तीनियों पर इजराइली एयरस्ट्राइक

**गाजा** : गाजा के अल-नुसीरत कैंप के पास बने एड डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर (सहायता वितरण केंद्र) पर इजराइल ने एयरस्ट्राइक कर दी। इस दौरान 8 लोगों की मौत हो गई। वहीं, नॉर्थ गाजा के एक एड पॉइंट पर खाना लेने पहुंचे फिलिस्तीनियों पर इजराइली सैनिकों ने गोली चला दी। इस दौरान 21 लोग मारे गए। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, दोनों हमलों में कुल 29 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई।

### जापान ने समुद्र में जहरीला पानी छोड़ना बंद किया

**टोकियो** : जापान ने समुद्र में जहरीला पानी छोडना बंद कर दिया है। यह फैसला शुक्रवार सुबह फुकुशिमा प्लांट के पास आए भूकंप के बाद लिया गया। फुकुशिमा के उत्तरपूर्वी तट पर 5.8 तीव्रता का भूकंप आया। यहां 2011 में सुनामी आई थी, जिससे प्लांट को काफी नुकसान पहुंचा था। पानी छोड़े जाने की देखरखे कर रही टोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी ने एक्स पर लिखा- भूकंप से पानी छोडने जाने की प्रोसेस पर असर नहीं हुआ है। हालांकि, सुरक्षा को देखते हुए पानी छोडना बंद किया गया है।

### जंग के बीच फिलिस्तीन को मिला नया पीएम

**गाजा** : इजराइल हमास युद्ध के बीच फिलिस्तीन के पूर्व प्रधानमंत्री मोहम्मद शतयेह ने हाल ही में इस्तीफा दे दिया था, अब उनकी जगह मोहम्मद मुस्तफा ने ले ली है। पीएम मुस्तफा को उनके आक्रामक ढंग से काम करने के लिए जाना जाता है। उन्होंने हमास के कंट्रोल वाले गाजा में भी सुधार के कई प्रयास किए थे। माना जा रहा है कि वे युद्ध रुकवाने से लेकर पूरे फिलीस्तीन को एकजुट करने जैसा काम भी कर सकते हैं। फिलहाल गाजा पट्टी पर हमास का कब्जा है, जबकि वेस्ट बैंक में फिलिस्तानी अथॉरिटी (पीए) काम कर रही है।

### सीएए पर अमेरिका की गलत बयानबाजी

**नई दिल्ली** : देश में 11 मार्च को लागू किए गए सीएए यानी नागरिकता संशोधन कानून पर अमेरिका के बयान को लेकर भारत ने जवाब देते हुए कहा है कि यह हमारा आंतरिक मामला है। दरअसल अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा था कि सीएए नोटिफिकेशन को लेकर अमेरिका चिंतित है और इस पर करीब से निगरानी की जा रही है।

# यात्रियों को लेकर पहली बार दौड़ी देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो

## इंतजार खत्म

एजेंसी

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में गंगा के नीचे चलने वाली ईस्ट-वेस्ट मेट्रो की यात्री सेवाएं शुक्रवार से शुरू हो गईं। न्यू गरिया से रूबी और जोका-तारातला लाइन से माझेरहाट तक विस्तारित खंड की सेवा शुरू हुई है। लंबे समय से प्रतीक्षित ईस्ट-वेस्ट मेट्रो के निचले गंगा खंड पर यात्री सेवाएं शुरू होने पर यात्री खुशी से झूम उठे। किसी ने पहले सफर को कैमरे पर रिकॉर्ड किया तो किसी ने वीडियो कॉल पर अनुभव साझा किया। गंगा के नीचे के पूरे मार्ग को नीली रोशनी से सजाया गया है, ताकि यात्रियों को पता चल सके कि मेट्रो कब गंगा के नीचे से गुजर रही है। गंगा के ठीक नीचे सुरंग में एक नीली रोशनी चमकती है, जिससे यात्रियों को पता चल जाता है कि वे उस समय नदी के नीचे से गुजर रहे हैं। इतना ही नहीं, गंगा के नीचे मेट्रो में सफर के दौरान यात्री फोन पर बात भी कर सकते हैं। ऑप्टिकल फाइबर नदी तल में काफी गहराई तक मौजूद है। तो इंटरनेट का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि हावड़ा पहले ही मेट्रो के जरिए कोलकाता से जुड़ चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईस्ट-वेस्ट मेट्रो के एस्प्लेनेड से हावड़ा मैदान मार्ग का उद्घाटन किया था। उन्होंने स्कूली छात्रों के साथ गंगा के नीचे मेट्रो रेल की यात्रा भी की थी।



### मेट्रो की खास बातें

- एस्प्लेनेड से हावड़ा मैदान तक मेट्रो मार्ग 4.8 किमी है।
- इसमें से गंगा के नीचे मेट्रो लाइन 520 मीटर है।
- एस्प्लेनेड से हावड़ा मैदान तक कुल 04 स्टेशन हैं।
- कुल 130 मेट्रो दिन भर यात्रियों को सेवाएं देंगी।
- पीक आवर्स के दौरान मेट्रो सेवाएं हर 12 मिनट पर और अन्य समय में 15 मिनट पर उपलब्ध रहेंगी।
- दिन की पहली मेट्रो हावड़ा और एस्प्लेनेड स्टेशनों से सुबह 07 बजे रवाना होती है।
- आखिरी मेट्रो रात 09:45 बजे रवाना होगी। रविवार को मेट्रो सेवाएं बंद रहेंगी।
- 520 मीटर लूबी इस सुरंग की दीवारों पर जलीय जंतुओं और जलीय पौधों के चित्र चित्रित हैं।
- हावड़ा मैदान से धर्मतल्ला तक जाने में 10 रुपये लगेंगे।
- दमदम जाने में 25 रुपये का किराया। दक्षिणेश्वर का किराया 30 रुपये।
- रवीन्द्र सदन का किराया 20 रुपये। न्यू गरिया तक का किराया 30 रुपये हैं।





# भाजपा ने गरीब के बेटे को पीएम और बूथ कार्यकर्ता को देश का गृहमंत्री बनाया : शाह

एजेंसी

**अहमदाबाद** : लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने गृहराज्य गुजरात के दौरे पर है। इस दौरान कार्यकताओं को संबोधित कर केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा, आजादी के बाद देश को सुरक्षित करने का काम सिर्फ और सिर्फ नरेंद्र भाई ने किया है। आप सभी के साथ 40 साल से काम कर रहा हूं। अनेक पराजय के बाद हमें चुनाव जीतने की महारथ हासिल हुई है। शाह ने कहा, देश की जनता अब की बार 400 पार का नारा लगा रही है। जनता चुनाव घोषित होने का इंतजार कर रही है। संकल्प से सिद्धि का मार्ग नरेंद्र भाई ने दिखाया है। अभी तक पूरे देश में 135 सीटों का दौरा करके आया हूं, हर जगह मोदी मोदी की चर्चा हैं। लोकसभा चुनाव सिर्फ सांसद चुनने का नहीं है, बल्कि हर मतदाता को

### ■ अबकी बार 400 पार का नारा जनता लगा रही



हमारे संकल्प यात्रा के साथ जोड़ना है। शाह ने अपने कार्यकताओं से कहा कि लोगों से विनम्रता से मिलिए, प्रचार में सभी को जोड़िए। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा, आज 29 साल पहले का दृश्य याद आ रहा है। मैं विधानसभा का चुनाव लड़ने जा रहा था, तब यही हनुमान दादा में दर्शन किए थे और भूपेंद्र पटेल पार्षद थे। आज फिर से वहीं से लोकसभा चुनाव के लिए शुरूआत की है। भाजपा ने बूथ कार्यकर्ता को देश का गृहमंत्री बनाया। पार्टी ने गरीब परिवार के चाय बेचने वाले को प्रधानमंत्री बनाया। भाजपा में आंतरिक लोकतंत्र है, जिसकी वजह से यह संभव हुआ।

मोदी आज विश्व के लोकप्रिय नेता गृह मंत्री ने कहा, पीएम मोदी ने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण देकर महिला शक्ति को विधानसभा-संसद का दरवाजा खोला है। आज नरेंद्र भाई सिर्फ देश के नहीं, दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। आजादी के बाद देश को सुरक्षित करने का काम सिर्फ नरेंद्र भाई ने किया है। उन्होंने कहा, जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया। दो बार हमारे सैनिकों पर आतंकियों ने हमला किया, जिसका सर्जिकल और एयर स्ट्राइक करके जवाब दिया।

### ममता को चोट लगने के मामले की जांच करेगी एसआईटी

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के माथे पर चोट लगने के मामले की जांच अब पुलिस की एसआईटी करेगी। मुख्यमंत्री अपने आवास पर गुरुवार को गिर गई थीं, जिसकी वजह से उनके माथे पर चोट लग गई। एसएसकेएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निदेशक मनिमय बनर्जी ने कहा था कि मुख्यमंत्री को चोट शायद उनके घर पर पीछे से किसी के धक्का देने के कारण लगी होगी। कोलकाता के पुलिस कमिश्नर विनीत कुमार गोयल ने शुक्रवार को बताया कि एसआईटी में विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल होंगे जो मामले की जांच करेंगे।

### डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित हुए 'पंच' के प्रबंध संपादक विनय कुमार वर्मा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : हिन्दी दैनिक 'पंच' के प्रबंध संपादक विनय कुमार वर्मा को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। 28 फरवरी को जयपुर में उन्हें यह उपाधि प्रदान की गयी। 'रोल ऑफ न्यूज पेपर इन डेमोक्रेसी एंड लिटरेचर एंड सोशल सर्विसेज' के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए 'सोशल अवेयरनेस एंड पीस यूनिवर्सिटी' ने श्री वर्मा को यह सम्मान दिया है।

डॉ. विनय कुमार वर्मा को यह सम्मान प्राप्त होने पर बधाइयों का तांता लगा रहा। मित्र व शुभचिंतक लगातार बधाई देते



रहे। हिन्दी दैनिक 'पंच', 'फ्रीडम फाइटर' व 'जम्हूरियत टाइम्स' के समस्त पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉ. वर्मा को बधाई व अपनी शुभकामनाएं दीं।

### बिग बी के पैर में जमा खून का थक्का...हुई एंजियोप्लास्टी



**मुंबई** : सदी के महानायक अमिताभ बच्चन की मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में एंजियोप्लास्टी हुई है। अमिताभ को शुक्रवार सुबह ही अस्पताल में भर्ती किया गया था। यह एंजियोप्लास्टी उनके पैर में जमे खून के थक्कों के लिए हुई। आम तौर पर एंजियोप्लास्टी दिल के लिए की जाती है। बिग बी ने एंजियोप्लास्टी के बाद ईश्वर और फैंस के प्रति आभार जताया है। उन्होंने लिखा, हमेशा के लिए आभार। बिग बी के ट्वीट पर फैंस ने उनकी हेल्थ को लेकर चितिंत दिखे और उनकी सलामती के लिए प्रार्थना करते नजर आए। बता दें, अमिताभ ने इस साल की शुरूआत में अपनी कलाई की सर्जरी करवाई थी। इसकी जानकारी उन्होंने अपने ब्लॉग में दी थी। उन्होंने एक सेट की तस्वीरें भी शेयर की थी जिसमें वे अक्षय कुमार के साथ अपने कलाई की चोट पर चर्चा करते हुए दिख रहे थे। उस दौरान बिग बी ने हाथ पर बैंडेज पहने नजर आए थे। बिग बी के हेल्थ अपडेट वाले पोस्ट फैंस कमेंट कर उन्हें हिम्मत दे रहे हैं। फैन ने लिखा, मैं प्रार्थना करता हूं कि आप स्वस्थ रहें। एक यूजर ने लिखा, हम आपसे प्यार करते हैं, आप हमेशा स्वस्थ रहें। एक अन्य फैन ने लिखा, आप कल्कि का अपडेट भी देना।

# सेलिब्रेटी नाइट में फेमस बॉलीवुड सिंगर बी प्राक ने बिखेरा अपने सुरों का जादू

एजेंसी

**गुरुग्राम** : शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुके वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, फरुखनगर, गुरुग्राम के प्रांगण में जेनिथ 2024 सेलिब्रिटी नाईट का आयोजन किया गया। वर्ल्ड कॉलेज के रजिस्ट्रार युद्धवीर सिंह लांबा ने जानकारी देते हुए बताया कि सेलिब्रिटी नाईट कार्यक्रम में 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में बेस्ट प्लेबैक सिंगर का अवॉर्ड विनर बॉलीवुड सिंगर बी प्राक ने अक्षय कुमार की फिल्म केसरी के फेमस गाने ₹तेरी मिट्टी में मिल जावा₹ से अपनी परफॉर्मेंस की शुरूआत की क पंडाल में उपस्थित कॉलेज के एम.सी.ए, एम.बी.ए, एम.टेक, बी.टेक, बी.बी.ए , बी.सी.ए और डिप्लोमा के छात्रों ने और कॉलेज स्टाफ ने बॉलीवुड सिंगर बी प्राक के मंच पर पहुंचने पर तालियों से उनका स्वागत किया। करीब डेढ़ घंटे की प्रस्तुति के दौरान गायक बॉलीवुड सिंगर बी प्राक ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति ने समां बांधा और हर किसी



को थिरकने पर मजबूर कर दिया। उनके द्वारा पेश किये गये गानों का उपस्थित छात्रों ने खूब आनंद उठाया। बॉलीवुड सिंगर बी प्राक ने गानों का ऐसा जलवा बिखेरा की सभी मंत्रमुग्ध हो गये। वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के मैनेजिंग ट्रस्टी श्री कुंवर निशांत सिंह जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि समय-समय पर इस तरह सेलिब्रिटी नाईट के आयोजन में बॉलीवुड के फेमस सिंगर और रैपर यो यो हनी सिंह, गायक इक्का सिंह, सिंगर बोहेमिया, गायक मोहित चौहान, पंजाबी सुपरस्टार सिंगर गिप्पी ग्रेवाल, बॉलीवुड के लोकप्रिय डीजे अकील और मशहूर पंजाबी सिंगर परमीश वर्मा आदि को बुला चुके हैं, क्योकि विद्यार्थियों के सर्वांगिक विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद और मनोरंजन भी जरूरी है ।

आपको बता दें कि वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से एफिलिएटेड कॉलेज है जो अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित बी.टेक के रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मैकेनिकल और ऑटोमेशन इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस और डिजाइन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग आदि और एम.टेक के सिविल में कंप्यूटर एडेड स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस आदि मार्केट्स और इंडस्ट्री सेक्टर की डिमांड के अनुसार रोजगारयुक्त (एम्प्लॉयमेंट पर्सपेक्टिव) नए कोर्सेज का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है।

वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट को टाइम्स इंजीनियरिंग सर्वे द्वारा गुरुग्राम में प्लेसमेंट में नम्बर 1 कॉलेज के रूप में स्थान दिया गया है क विभिन्न विषयों की अग्रणी कंपनियां कैंपस प्लेसमेंट के लिए आती हैं।

# अल्पसंख्यक समाज की संघ से नजदीकियां बढ़ीं : मनमोहन वैद्य




### ■ नागपुर में शुरू हुई संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक

एजेंसी

**नागपुर** : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. मनमोहन वैद्य ने शुक्रवार को कहा कि अब अल्पसंख्यक समाज की संघ से नजदीकियां बढ़ी हैं। उनके अंदर का भ्रम और डर धीरे-धीरे कम हो रहा है। डॉ. वैद्य ने बताया कि अल्पसंख्यकों के बीच संघ भी अपनी सक्रियता बढ़ा रहा है। संघ की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक का शुक्रवार को नागपुर के रेशिमबाग में शुभारंभ हुआ। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने इस बैठक का उद्घाटन किया। उद्घाटन सत्र के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉ. वैद्य ने बताया कि भारत में रहने वाले 140 करोड़ लोगों के पूर्वज, मातृभूमि और संस्कृति एक ही है। संघ ऐसा मानता है कि देश के सभी लोग हिंदू ही हैं। ल्पसंख्यक समाज के लोग संघ की शाखाओं में सक्रिय हैं। डॉ. वैद्य ने कहा कि संघ से नजदीकियों के चलते इन लोगों में फैलाया गया भ्रम और भय अब दूर हो रहा है। संघ कार्य की जानकारी साझा करते हुए सह सरकार्यवाह डॉ. वैद्य ने बताया कि मौजूदा समय में देशभर में 73 हजार 117 दैनिक शाखाएं लग रही हैं, जबकि पिछले वर्ष 68 हजार के लगभग इनकी संख्या थी। शताब्दी वर्ष प्रारंभ होने से पहले तक पूरे देश में एक लाख शाखाएं प्रारंभ करने की योजना पर काम चल रहा है। शताब्दी वर्ष के दौरान समाज परिवर्तन के कार्य में स्वयंसेवक लगेंगे। डॉ. वैद्य ने कहा कि राम मंदिर के उद्घाटन समारोह से पहले अयोध्या से लाए गए पूजित अक्षत को घर-घर बांटा गया। उस दौरान संघ एवं समविचारी संगठनों के 44 लाख 98 हजार कार्यकर्ता देश के 5,98,778 गांवों तक पहुंचे थे।






# रैंप वॉक में दिखी अलग-अलग संस्कृति की झलक



बीआईटी लालपुर एक्सटेंशन में चल रहे दो दिवसीय औरोरा-24 फेस्ट का आज समापन हो गया। इन दो दिनों में कई इवेंट आयोजित किये गये। इसमें सबसे खास रहा रैंप वॉक। इस रैंप वॉक में छात्र-छात्राओं ने देश की विभिन्न संस्कृतियों की झलक पेश की। सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न राज्यों के पारंपरिक परिधान पहन कर कारपेट पर वॉक किया। वहीं, दूसरी ओर संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा लगाये गये फूड स्टॉल में भी अच्छी भीड़ रही। फैकल्टी मेंबर्स व विद्यार्थियों ने जम कर लजीज व्यंजनों के स्वाद चखे। मौके पर संस्थान की निदेशक वंदना भट्टाचार्या ने कहा कि यहां के बच्चों में प्रतिभा है। इस तरह के इवेंट होने से बच्चों की प्रतिभा निखरती है। एक पॉजिटिव एनर्जी मिलती है। इन सभी के साथ खेल का भी आयोजन किया गया, जिसमें कबड्डी और खो खो प्रमुख थे। इसमें बालक और बालिकाओं ने भाग लिया।



